■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी...

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-9 अंक-11)

पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 15 अप्रैल, 2024




बीजेपी में गए गोविंद नगर पूर्व विधायक अजय कपूर का शपथ ग्रहण समारोह 8

जेके कैंसर संस्थान में मरीजों के साथ खिलवाड 4



# मुंबई में सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी

## मामले की जांच में जुटी पुलिस



मुंबई। बॉलीवुड मेगास्टार सलमान खान के बांद्रा स्थित घर के बाहर रविवार सुबह पांच बजे दो अज्ञात लोगों ने गोलीबारी की और अपनी मोटरसाइकिलों पर भाग गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

खबरों के मुताबिक हेलमेट पहने दो अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल पर तेजी से आए और मुंबई उपनगर के बांद्रा इलाके में गैलेक्सी अपार्टमेंट की दिशा में कम से कम चार गोलियां चलाईं। फिलहाल यह पता नहीं चला कि सलमान खान सप्ताहांत की छुट्टी पर घर पर थे या नहीं। बांद्रा पुलिस की एक टीम और मुंबई अपराध शाखा तुरंत खान के घर पहुंची और जांच शुरू की। साथ ही अभिनेता के आवास की ओर जाने वाली सड़कों की घेराबंदी कर दी गई और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा कड़ी कर दी गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कलिना पुलिस लैब से फोरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम मौके पर पहुंची और दो गोलियां बरामद कीं। पुलिस शूटरों का पता लगाने और उनके उद्देश्यों और लक्ष्यों की जांच करने के लिए इलाके में सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है।उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस को गोलीबारी की घटना में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के शामिल होने का संदेह है, क्योंकि सलमान खान को बिश्नोई गिरोह जैसे पंजाब स्थित कुछ माफिया समूहों से खतरा है। पिछले कुछ वर्षों में उन्हें और उनके पिता सलीम खान को अलग-अलग तरीकों से जान से मारने की धमकियाँ दी गई हैं।

## 3 राउंड फायरिंग, बालकनी के नेट को चीरते हुए घर के अंदर घुसी गोली

### हमले के बाद बढ़ाई गयी सलमान खान की सिक्योरिटी

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के मुंबई स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर हुई घटना का सीसीटीवी फुटेज पुलिस के हाथ लगा है। इस फुटेज में, दो अज्ञात लोग मोटरसाइकिल पर सवार होकर आये और अभिनेता के घर के बाहर गोलीबारी की और फिर वहां से फरार हो गए।बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के मुंबई स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर रविवार सुबह दो लोगों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज पुलिस के हाथ लगा है। इस फुटेज में, दो अज्ञात लोग मोटरसाइकिल पर सवार होकर आये और अभिनेता के घर के बाहर गोलीबारी की और फिर वहां से फरार हो गए। गोलीबारी की इस घटना के बाद मुंबई पुलिस ने सलमान खान के घर के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है। फॉरेंसिक विज्ञान विशेषज्ञों की एक टीम भी गैलेक्सी अपार्टमेंट में मौजूद है और घटना की जांच कर रही है।अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित घर के बाहर फायरिंग पर मुंबई के डीसीपी राज तिलक रौशन ने कहा, %आज सुबह करीब 5 बजे अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित घर के बाहर दो अज्ञात लोगों ने फायरिंग कर दी। पुलिस को 3 राउंड फायरिंग की जानकारी मिली है। केस दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। गोलीबारी की घटना में कोई घायल नहीं हुआ है।अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास के बाहर फायरिंग पर मुंबई के डीसीपी राज तिलक रौशन ने कहा, आज सुबह करीब 5 बजे अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित घर के बाहर दो अज्ञात लोगों ने फायरिंग की। केस दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के लिए बता दें, सलमान खान अपने घर की जिस बालकनी पर आकर फैंस से रूबरू होते हैं, वहीं पर बदमाशों ने गोलीबारी की घटना को अंदाज दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बदमाशों द्वारा फायर की गयी दो-तीन गोलियां दीवार पर जाकर लगी।

### भाजपा के संकल्प पत्र पर राहुल गांधी का हमला

## महंगाई और बेरोजगारी दो शब्द गायब

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता और वायनाड से सांसद राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र पर तंज कसा है। उन्होंने एक्स पर लिखा, भाजपा के मेनिफेस्टो और नरेंद्र मोदी के भाषण से दो शब्द गायब हैं- महंगाई और बेरोजगारी। लोगों के जीवन से जुड़े सबसे अहम मुद्दों पर भाजपा चर्चा तक नहीं करना चाहती। 'INDIA' का प्लान बिलकुल स्पष्ट है- 30 लाख पदों पर भर्ती और हर शिक्षित युवा को 1 लाख की पक्की नौकरी। युवा इस बार मोदी के झांसे में नहीं आने वाला, अब वो कांग्रेस का हाथ मजबूत कर देश में 'रोजगार क्रांति' लाएगा।

## फायरिंग की घटना पर बोले एकनाथ शिंदे सलमान खान को चिंता करने की जरूरत नहीं

मुंबई। सलमान खान के साथ बातचीत का जिक्र करते हुए सीएम शिंदे ने कहा, %मैंने सलमान खान से भी बात की है। मैंने उनसे कहा है कि सरकार उनके साथ है और उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है।% उन्होंने आगे बताया कि मुंबई पुलिस कमिश्नर को सलमान खान और उनके पूरे परिवार की सुरक्षा का आकलन करने और सुरक्षा बढ़ाने के लिए सूचित किया गया है।रविवार सुबह बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर फायरिंग की घटना पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रतिक्रिया दी है।उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा, यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। आरोपियों को पकड़कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कानून हाथ में लेने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

सलमान खान के साथ बातचीत का जिक्र करते हुए सीएम शिंदे ने कहा, मैंने सलमान खान से भी बात की है। मैंने उनसे कहा है कि सरकार उनके साथ है और उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने आगे बताया कि मुंबई पुलिस कमिश्नर को सलमान खान और उनके पूरे परिवार की सुरक्षा का आकलन करने और सुरक्षा बढ़ाने के लिए सूचित किया गया है।




## भाजपा का घोषणापत्र युवा, महिला, किसान और गरीब को सशक्त करने पर केंद्रित, निवेश से नौकरी पर जोर : मोदी




नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लोकसभा चुनाव के लिए गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं के सशक्तीकरण पर केंद्रित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का घोषणापत्र जारी किया और इस बात पर बल दिया कि जब दुनिया अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है तो भारत में पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार की आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक समारोह में घोषणापत्र की प्रतियां चार व्यापक समूहों ङ्क गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी शक्ति के प्रतिनिधियों को सौंपीं। ये सभी सरकारी योजनाओं के लाभार्थी हैं। मोदी ने कहा कि पूरे देश को भाजपा के 'संकल्प पत्र' का बहुत इंतजार रहता है और एक बड़ा कारण है कि 10 वर्षों में पार्टी ने इसके हर बिंदु को गारंटी के रूप में जमीन पर उतारा है।

उन्होंने कहा, ''भाजपा ने 'मेनिफेस्टो' की सुचिता को फिर स्थापित किया है। ये संकल्प पत्र विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ ङ्क युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब और किसान, इन सभी को सशक्त करता है।

हमारा 'फोकस' गरिमापूर्ण और गुणवत्तापूर्ण जीवन पर और निवेश से नौकरी पर है।''

प्रधानमंत्री ने कहा, ''स्थिर बहुमत वाली सरकार की जरूरत ऐसे समय बढ़ गई है जब दुनिया अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। उन्होंने उन कई संघर्षों का जिक्र किया जिनसे विश्व जूझ रहा है। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि भाजपा 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पहल को लागू करने की दिशा में काम करेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता राष्ट्रीय हित में है।

मोदी ने कहा, ''भाजपा चार जून को परिणाम घोषित होने के तुरंत बाद घोषणापत्र में किए गए वादों पर काम करना शुरू कर देगी।'' उन्होंने कहा, ''मैं भाजपा के इस संकल्प पत्र को 'मोदी की गारंटी' के दस्तावेज के रूप में देश की जनता के आशीर्वाद के लिए पेश करता हूं।''

प्रधानमंत्री ने कहा कि अब भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। उन्होंने कहा, ''70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी।''

उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले पांच साल तक जारी रहेगी।



## संपादकीय

### बर्बादी की आहट

पिछले साल सिक्किम में लहोनक ग्लेशियर झील फटने की घटना पुरानी नहीं है जिसमें 180 लोगों के मरने व पांच हजार करोड़ के नुकसान की खबर थी। इसी तरह केदारनाथ में चौराबाड़ी ग्लेशियर झील फटने से हजारों लोगों की जल प्रलय में मौत हुई थी। 2021 में उत्तराखंड की नीति घाटी में ग्लेशियर झील फटने से दो सौ लोगों के मरने समेत डेढ़ हजार करोड़ का नुकसान हुआ था। अब हिमालय पर्यावरण विशेषज्ञ चेता रहे हैं कि देश के हिमालय क्षेत्र में आने वाले राज्यों में खतरनाक किस्म की 188 ग्लेशियर झीलें बन चुकी हैं, जो किसी बड़े भूकंप आने पर लाखों लोगों के जीवन पर घातक प्रभाव डाल सकती हैं। यूं तो सबसे ज्यादा खतरे की वजह पूर्वोत्तर की झीलें हैं, लेकिन खतरा कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम में भी लगातार बना हुआ है। दरअसल, केंद्रीय गृहमंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाले डिजास्टर मैनेजमेंट डिवीजन और हिमालय अध्ययन विशेषज्ञों की टीम द्वारा किए गए एक साल की स्टडी के बाद जो निष्कर्ष सामने आए हैं वे चिंता में डालने वाले हैं। दरअसल, अब ग्लोबल वार्मिंग का वास्तविक खतरा सामने दिखायी दे रहा है। लगातार बढ़ते तापमान से हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। पहाड़ों में बर्फ पिघलने से बने जल को निकासी का रास्ता न मिलने पर ये बर्फीला पानी झीलों के रूप में एकत्र हो जाता है। पर्यावरण विशेषज्ञ चिंता जता रहे हैं कि यदि इन संवेदनशील इलाकों में सात तीव्रता जैसा भूकंप आता है तो ये झीलें जल बम बनकर फूट सकती हैं। इससे छह राज्यों की करीब तीन करोड़ आबादी प्रभावित हो सकती है। दरअसल, इस हालिया अध्ययन में बताया गया है कि ग्लोबल वार्मिंग संकट के चलते इन हिमालयी क्षेत्रों में 28 हजार से अधिक झीलें बन गई हैं। जिसमें 188 ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती हैं। इन संवेदनशील झीलों को ए श्रेणी में रखा गया है। इन इलाकों में ग्लेशियरों के पिघलने व खिसकने का खतरनाक ट्रेंड देखा गया है। वैज्ञानिक चिंता जता रहे हैं कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते ग्लेशियरों की पिघलने की दर 15 प्रतिशत बढ़ गई है। जो हमारे लिए गंभीर चेतावनी का कारण बन रही है। केंद्र सरकार के अधिकारी और पर्यावरण विशेषज्ञ ग्राउंड जीरो व उपग्रहों के जरिये इन झीलों की बराबर निगरानी कर रहे हैं। इन इलाकों में स्वचालित मौसम निगरानी केंद्र बनाये गए हैं।

इस दिशा में मंथन किया जा रहा है कि कैसे इन खतरनाक झीलों का पानी आधुनिक तरीकों से रिलीज किया जाए। एक ओर जहां झीलों से जल निकासी के रास्ते तलाशे जा रहे हैं, वहीं ड्रिल करके पानी को नियंत्रित करने पर भी विचार हो रहा है। इसके अलावा भूमिगत पानी के साथ मिलाने के लिये भूमिगत टनल बनाने पर भी मंथन हो रहा है।

# सस्ता हवाई सफर अब भी दूर का सपना

**यह काम तत्कालीन नागरिक उड्डयन मंत्री प्रफुल्ल पटेल की अगुवाई में हुआ था, जिन पर बाद में बेमेल मुनाफा बनाने वाली कंपनियों को एक करने का इल्जाम लगा था। उन्होंने एक स्वस्थ और मुनाफादायक घरेलू विमानन कंपनी इंडियन यानी एयरलाइंस को बीमारू और घाटे में चलने वाली अंतर्राष्ट्रीय विमानन कंपनी एयर इंडिया के साथ मिलाकर, एक संयुक्त इकाई बना दिया। इस एकीकृत इकाई को एक दक्ष एवं मुनाफा-प्रदज़ कंपनी बनाने में असंज़्य मुश्किलें पेश आईं।**




भारतीय हवाई यात्रा उद्योग कोविड-19 महामारी में बनी मंदी के बाद तेजी से पुनर्स्थापित हो रहा है, पिछले दो सालों में यात्रियों की संख्या में गुणात्मक बढ़ोतरी हुई है। इस पुनःप्राप्ति के दौरान दो बड़े प्रसंग भी घटे, एक है एयर इंडिया का निजीकरण और दूसरा, भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा 970 नए हवाई जहाजों का भारी क्रय-आदेश। हालांकि अनेकानेक रुकावटों की वजह से इस क्षेत्र की राह इतनी आसान भी नहीं रही। ऐसा एक प्रसंग है हाल ही में विस्तारा विमानन कंपनी को दरपेश पायलट संकट, यह कंपनी टाटा और सिंगापुर एयरलाइन का संयुक्त उपक्रम है। इससे उड़ानों की संख्या पर फर्क पड़ा और इसके ग्राहक अन्य कंपनियों का रुख करने लगे। हवाई यात्रा की मुश्किलों में आगे इजाफा हुआ, जब इंडिगो जैसी विमानन कंपनी को मरम्मत संबंधी कारणों से अपनी उड़ान संख्या घटानी पड़ी, तिस पर नए जहाजों की आमद भी धीमी है। उक्त प्रसंग पिछले साल गो फर्स्ट जैसी कम हवाई भाड़े वाली कंपनी को पेश आई समस्या के समांतर घटित हुए। प्रैट एंड व्हिटनी के बने इंजनों में आ रही समस्या के चलते गो-फर्स्ट को पहले आधी उड़ानें रद्द करनी पड़ी और अंततः खुद को दिवालिया घोषित करने की अर्जी दाखिल करनी पड़ी।घरेलू विमानन उद्योग में उथल-पुथल वैश्विक विमानन क्षेत्र में मची खलबली की झलक है। जिसमें बोइंग कंपनी के उच्चतम स्तर का प्रशासक मंडल सुरक्षा संबंधी कमियों का हल निकालने में बेतरह उलझा पड़ा है। जनवरी माह में कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को इस्तीफा देना पड़ गया, जिसके पीछे मुख्य वजह रही अलास्का एयरलाइंस के मैक्स 737 विमान के दरवाजे का नियंत्रण पैनल खराब होना। जहां एक ओर कारणों की जांच अभी जारी है वहीं पूर्व में बोइंग के मैक्स 737 जहाज गिरने और कुछ हालिया घटनाओं के चलते, विमानों की सुरक्षा को लेकर बनी चिंताओं के कारण कंपनी को लगातार समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। एयर इंडिया और अलास्का एयरलाइंस ने इस नामी विमान निर्माता कंपनी से कम-से-कम 400 नए हवाई जहाज खरीदने का करार किया है। बोइंग की मुश्किलों पर नजदीकी निगाहें लगी हैं क्योंकि सैकड़ों यात्रियों की जान को जोखिम वाले कारण की वजह से व्यावसायिक हवाई जहाजों में सुरक्षा को उच्चतम तरजीह देना सर्वोपरि होता है।टाटा के मामले में स्थिति और भी जटिल है, वह एयर इंडिया को समाहित करके एक संयुक्त कंपनी बनाने के भारी-भरकम काम में पहले से उलझी पड़ी है। विस्तारा, जिसे वर्तमान में उथल-पुथल का सामना करना पड़ा रहा है, उसे भी एयर इंडिया में शामिल कर लिया गया है, लेकिन यह करने पर इसके 'जटिल रुतबे' पर असर पड़ा, क्योंकि इसके अधिकांश ग्राहक बिजनेस क्लास में चलने वाले अमीर यात्री हैं। देश में किफायती हवाई सफर की मांग में भारी उछाल के बावजूद विस्तारा ने एक संपूर्ण-सेवा प्रदान करने वाली एयरलाइंस बने रहकर अपना एक अलग उच्च मुकाम कायम रखा था। अब कार्यरत स्टाफ को अन्यत्र स्थानांतरित करना पड़ेगा, वह भी वैकल्पिक वेतनमान और प्रदर्शन मानकों सहित। हालांकि यह रणनीति अब तक कारगर नहीं रही। हाल-फिलहाल, विस्तारा उड़ानों की संख्या में हेर-फेर से अपनी उड़ान-सारिणी पर पूर्ववत अमल करने की कोशिशें कर रही हैं लेकिन उसको अपने अमीर ग्राहकों पर आधारित यदि उच्च दर्जे वाला रुतबा कायम रखना है तो दीर्घकाल में एक अधिक व्यावहारिक नीति की जरूरत पड़ेगी।विमानन कंपनियों का विलय करने पर दरपेश तंत्रगत जटिलताएं बहुत थीं । तब भी देखने को मिली थीं जब वर्ष 2007 में दो सरकारी विमानन कंपनियों, एयर एंडिया और इंडियन एयरलाइंस, को मिलाकर कर एक संयुक्त इकाई बनाया गया था। वह निर्णय विशेष कारगर नहीं रहा। यह काम तत्कालीन नागरिक उड्डयन मंत्री प्रफुल्ल पटेल की अगुवाई में हुआ था, जिन पर बाद में बेमेल मुनाफा बनाने वाली कंपनियों को एक करने का इल्जाम लगा था। उन्होंने एक स्वस्थ और मुनाफादायक घरेलू विमानन कंपनी इंडियन यानी एयरलाइंस को बीमारू और घाटे में चलने वाली अंतर्राष्ट्रीय विमानन कंपनी एयर इंडिया के साथ मिलाकर, एक संयुक्त इकाई बना दिया। इस एकीकृत इकाई को एक दक्ष एवं मुनाफा-प्रदत्त कंपनी बनाने में असंख्य मुश्किलें पेश आईं।

लेकिन एयर इंडिया-विस्तारा के विलय को इस पिछले प्रसंग की तरह लेना सही नहीं होगा और यह तुलना भी ठीक नहीं है। कंपनी पायलटों के फ्लाइट रोस्टर को लेकर बनी समस्याओं को सुलझाने में प्रयासरत है। उम्मीद करें कि इसका दीर्घकाल उद्देश्य होगा कि विस्तारा को एयर इंडिया के बैनर तले एक संपूर्ण सेवा प्रदाता बनाए रखा जाएगा, क्योंकि इससे ग्राहकों को चुनाव के लिए बृहद विकल्प मिल सकेंगे। जहां तक इंडिगो की बात है, यह विमानन कंपनी भारतीय नभ पर चहुंओर छायी हुई है। नागरिक उड्डयन क्षेत्र के विकास के लिए यह स्थिति सामान्य तौर पर और उपभोक्ता के लिए विशेष तौर पर चिंताजनक है। उड़ानों के मामले में अपनी सर्व-व्यापक उपस्थिति और पहुंच एवं यात्रियों की सबसे बड़ी संख्या पाकर, इसने सुनिश्चित किया कि किफायती एयरलाइन वाले मूल सिद्धांत से धीरे-धीरे परे हटा जाए। जहां इसकी फ्लाइटों में सीट चयन में अतिरिक्त शुल्क भरना पड़ता है वहीं केबिन में मिलने वाली खाने-पीने की वस्तुएं बहुत महंगी हैं। सीजन के मुताबिक किराए में तीखी वृद्धि, जैसा कि इस वक्त चल रहा है, और अतिरिक्त शुल्क चुकाने का मतलब है कि इसको अब इसको बजट एयरलाइंस कहना मुश्किल है।

अपाहिज यात्री के साथ एयरलाइंस स्टाफ द्वारा की गई बदसलूकी जैसी खबरों से यात्रियों के संत्रास में अतिरिक्त वृद्धि होती हैङ्क हालांकि ऐसे प्रसंग केवल इस सबसे बड़ी हवाई सेवा प्रदाता कंपनी तक सीमित नहीं हैं। विद्रूपता यह कि हवाई भाड़ा तय करने का सर्वाधिकार बाज़ार शक्तियों के हवाले करने के बावजूद यात्रियों के साथ मानवीय व्यवहार सुनिश्चित करवाने को नागरिक उड्डयन महानिदेशालय को जब-तब दखल देना पड़ता है। ऐसा ही एक हालिया प्रसंग है जब हवाई पट्टी के किनारे

# चुनावों को एआई आधारित सामग्री से प्रभावित करने की संभावना?

गोंदिया । वैश्विक स्तरपर बीते कुछ वर्षों या यूं कहें कि दशकों से दुनियां में ताकतवर देशों द्वारा अन्य देशों में अपनी विचारधारा की सरकार बनाने को प्रोत्साहन देने अदृश्य हस्तक्षेप वाली प्रणाली अपनाने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि पिछले साल हमने पड़ोसी मुल्क द्वारा अपनी सरकार गिराने में एक बहुत बड़े विकसित देश का नाम दिया गया था। ऐसा उदाहरण हम इसके पूर्व भी देख चुके हैं। अभी दो दिन पहले ही एक बहुत बड़ी तकनीकी दिग्गज कंपनी ने चेतावनी दी है कि अभी 2024 में शुरू होने वाले भारत अमेरिका व दक्षिण कोरिया में होने वाले चुनाव को विस्तारवादी देश द्वारा अपने भूराजनीतिक हितों के लिए एआई सामग्री से प्रचार प्रसार माध्यमों द्वारा प्रभावित करने की चेतावनी दी है, जिसे रेखांकित करना समय की मांग है। चूंकि भारत में 19 अप्रैल 2024 से प्रथम चरण के चुनाव होने जा रहे हैं, वहीं अमेरिका में इसी वर्ष नवंबर दिसंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने जा रहे हैं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भूराजनीतिक हितों को बढ़ावा देने चीन द्वारा भारत अमेरिका चुनावों को लक्षित करने एआई का दुरुपयोग करने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।



साथियों बात अगर हम भारत अमेरिका जैसे प्रमुख अर्थव्यवस्था वाले देशों में एआई सामग्री के दुरुपयोग की आशंका की करें तो,एक तकनीकी दिग्गज ने चेतावनी दी है कि चीन भारत, दक्षिण कोरिया और अमेरिका जैसे देशों में चुनावों के दौरान अपने भू-राजनीतिक हितों को बढ़ावा देने के लिए जनता की राय को प्रभावित करने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-जनित सामग्री को तैनात कर सकता है। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणामों को प्रभावित करने वाली ऐसी सामग्री की संभावना कम होने के बावजूद, मीम्स, वीडियो और ऑडियो को बढ़ाने में चीन का बढ़ता प्रयोग संभवतः जारी रहेगा और भविष्य में और अधिक प्रभावी साबित हो सकता है, उन्होंने लिखा, चीन उत्तर कोरिया के साथ मिलकर ऐसा करेगा। ये कंपनी एक थ्रेट एनालिसिस सेंटर (एमटीएसी) द्वारा बुधवार को प्रकाशित नवीनतम पूर्वी एशिया रिपोर्ट में कंपनी थ्रेट इंटेलिजेंस अंतर्दृष्टि में से एक हैं। चीन मतदाताओं को विभाजित करने के लिए फर्जी सोशल मीडिया खातों का उपयोग कर रहा है ताकि उनमें विभाजन पैदा किया जा सके और संभवतः अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे को अपने पक्ष में प्रभावित किया जा सके।चीन ने दुनिया भर में अपने लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए एआई जनित सामग्री का उपयोग भी बढ़ाया है। उत्तर कोरिया ने अपने सैन्य लक्ष्यों और खुफिया संग्रह को वित्त पोषित करने और आगे बढ़ाने के लिए अपनी क्रिप्टोकरेंसी डकैतियों और आपूर्ति श्रृंखला हमलों को बढ़ा दिया है। इसने अपने संचालन को अधिक प्रभावी और कुशल बनाने के लिए एआई का उपयोग करना भी शुरू कर दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बीजिंग अक्टूबर में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना की 75 वीं वर्षगांठ मनाएगा और उत्तर कोरिया प्रमुख उन्नत हथियार कार्यक्रमों को आगे बढ़ाना जारी रखेगा।साथियों बात अगर हम एक तकनीकी दिग्गज के आंकलन की करें तो, भारत और अमेरिका जैसी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में इस साल चुनाव होने वाले हैं और इस दौरान चीन अपने हितों को लाभ पहुंचाने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित सामग्री का उपयोग कर सकता है। प्रमुख सॉफ्टवेयर कंपनी ने एक ब्लॉग में यह आशंका जताई। ब्लॉग में कहा गया, हमारा आंकलन है कि विशेष रूप से भारत, दक्षिण कोरिया और अमेरिका सहित इस साल दुनियाभर में होने वाले आम चुनावों के दौरान चीन अपने हितों को लाभ पहुंचाने के लिए एआई आधारित सामग्री का निर्माण और प्रसार कर सकता है। रिपोर्ट में उत्तर कोरियाई साइबर जोखिम तत्वों का भी उल्लेख किया गया, जो इन तीन देशों में चुनावों को प्रभावित करने की दिशा में काम कर रहे हैं माइक्रोसॉफ्ट के निष्कर्षों के अनुसार, चीन द्वारा एआई आधारित सामग्री का उपयोग करने से चुनाव परिणामों के प्रभावित होने की आशंका कम है, लेकिन इनके लगातार उपयोग, मीम्स के प्रसार आदि से भविष्य में इनका असर हो सकता है।ब्लॉग में कहा गया, ऐसी सामग्री के चुनाव परिणामों को प्रभावित करने की आशंका कम होने के बावजूद, चीन इन मीम, वीडियो और ऑडियो का प्रसार बढ़ाता रहेगा और भविष्य में ये अधिक प्रभावी साबित हो सकते हैं। चीन भूराजनीतिक हितों को बढ़ावा देने के लिए भारत, अमेरिका में चुनावों को लक्षित करने के लिए एआई का दुरुपयोग कर सकता है।साथियों बात अगर हम तीन देशों में होने वाले आबादी चुनाव में साइबर अभिकर्ताओं के लक्षित दिशा में काम की संभावना की करें तो, रिपोर्ट में कहा गया है, इस बीच, जैसे जैसे भारत, दक्षिण कोरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका में आबादी चुनाव की ओर बढ़ रही है, हमें चीनी साइबर और प्रभाव अभिनेताओं और कुछ हद तक उत्तर कोरियाई साइबर अभिनेताओं को इन चुनावों को लक्षित करने की दिशा में काम करते हुए देखने की संभावना है।इसमें कहा गया है कि चीन कम से कम एआई-जनित सामग्री बनाएगा और बढ़ाएगा, जिससे इन हाई-प्रोफाइल चुनावों में उसकी स्थिति को फायदा होगा। रिपोर्ट में कहा गया है, हालांकि चीनी साइबर अभिनेताओं ने लंबे समय से अमेरिकी राजनीतिक संस्थानोंकी टोह लीहै,हम प्रभावशाली अभिनेताओं को अमेरिकियों के साथ बातचीत करने और अमेरिकी राजनीति पर संभावित शोध परिप्रेक्ष्य देखने के लिए तैयार हैं।आखिरकार, जैसा कि उत्तर कोरिया नई सरकारी नीतियों पर काम कर रहा है और हथियारों के परीक्षण के लिए महत्वाकांक्षी योजनाओं को आगे बढ़ा रहा है, हम रक्षा क्षेत्र पर लक्षित तेजी से परिष्कृत क्रिप्टोकरेंसी डकैतियों और आपूर्ति श्रृंखला हमलों की उम्मीद कर सकते हैं,जो शासन में धन पहुंचाने और नएविकास को सुविधाजनक बनाने में मदद करेंगे। अतः अगर हम ऊपर पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें ।

**किशन सनमुख़दास भावनानी**

## वेब सीरीज 'गांधी' में कस्तूरबा की भूमिका में नजर आएंगी भामिनी ओझा




'स्कैम 1992' और 'स्कूप' की सफलता के बाद बॉलीवुड के चर्चित निर्देशक हंसल मेहता अप्लॉज़ एंटरटेनमेंट के बैनर तले एक नई वेब सीरीज 'गांधी' लेकर आ रहे हैं। इस वेब सीरीज में अभिनेता प्रतीक गांधी महात्मा गांधी की भूमिका निभाएंगे और प्रतीक गांधी की पत्नी, भामिनी ओझा इस बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज में कस्तूरबा गांधी यानी महात्मा गांधी की पत्नी की भूमिका निभाएंगी। प्रतीक गांधी और भामिनी ओझा की युगल जोड़ी के साथ, 'गांधी' इतिहास के सबसे प्रभावशाली व्यक्तित्वों में से एक और उनके अटल साथी का एक दिलचस्प चित्रण होने का वादा करती है। मेरी कोशिश किरदार में ईमानदारी और कहानी से वास्तविक जुड़ाव लाने की है।भामिनी ओझा द्वारा कस्तूरबा गांधी का रोल 'बा' के नाम से मशहूर शख्सियत की शक्ति, अनुग्रह और लचीलेपन के सार को दर्शाने का वादा करता है। जीवन और राजनीति दोनों में एक योद्धा, गांधी की यात्रा को आकार देने में कस्तूरबा की भूमिका अहम रही है और गांधी की कहानी उनके बिना अधूरी है। वेब सीरीज 'गांधी' में अभिनेता राजकुमार राव की पत्नी अभिनेत्री पत्रलेखा भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

**प्रस्तुति : काली दास पाण्डेय**

# नेता जी उवाच: जहाँ वोट तहाँ बिपति निधाना

## पंकज कुमार मिश्रा, व्यंग्यकार / पत्रकार जौनपुर, यूपी



लोकसभा चुनाव की तैयारी अंतिम चरणों में है ।कई जगहों पर प्रत्याशी घोषित हो चूके है। अब नेता अपने अपने लोकसभा क्षेत्रों में चौपाल बैठके इत्यादि में व्यस्त है। जनता नें नेता जी की कुंडली खोल ली है और एक ही गीत गुनगुना रहें =अब नेता सब घर घर आएंगे, वोट देने हेतु लालच दिखाएंगे, सर माथा सब सब अब रख जायेंगे ! देखो तुम ना बताना अबकी किसे है जिताना, नेता आयेंगे।।तुलसीदास जी ने वैसे भी कहा था कि जहाँ सुमति तहाँ सम्पति नाना, जहाँ कुमति तहाँ बिपति निदाना, यह बात देशकाल परिस्थिति से परे हर जगह लागू है, जनपद के एक नगर में खुर्राट टाइप नेता रहता था,बाल्यकाल से ही उसका मन लूट पाट छीन झपट टाइप गतिविधियों में ज्यादा लगता था सो उसके घर वालों नें विशेष प्रयास करके रुपया पैसा देकर किसी तरह उसे फैक्ट्री खुलवाई, फैक्ट्री नें डोनेशन दिलवाकर उसे नेताई दिलाई, उसी नगर में कई द लाल टाइप व्यक्ति के व्यक्ति भी रहते थे ,चूंकि वह द लाल नेतायोचित गतिविधियों में काफी सक्रिय रहते थे सो स्वाभाविक रूप से वह नेता जी के परम खास हो गए , वह आसपास के दो नंबरी धंधों की जानकारी खुद रखते थे, कमाते थे, कमीशन नेता जी को और नेता जी डोनेशन पार्टी को देते रहते थे। उस नेता जी का पुत्र भी द टॉप लाल टाइप का द लाल था, चांप के वसूली करता, फिर पार्टी के साथ कमिशन का माल, मिल बांट के खाते,यही नहीं अपने एरिये का का वो एकमात्र अधिकृत डीलर था, उसी के माध्यम से पार्टी पैसा पकड़ता था,एक दिन उस नेता के द लाल ने उससे कहा कि कब तक हम लोग यह सब चिन्दी चोरी टाइप काम करेंगे,क्यों न कोई लंबा हाथ मारा जाए,दलाल ने उसे बताया कि इस बार के लोकसभा में फिर अवसर लेंगे और अबकी लूट का माल पार्टी को नहीं देंगे क्यूंकि कल किसने देखा है। नगर से काफी पैसा हवाला के माध्यम से नेता तक तो जाता ही है जिसे यदि ईडी द्वारा पकड़ भी लिया जाय तो दो नम्मरी रुपया होने के नाते कोई कुछ नहीं बोलेगा, द लाल सब खुशी खुशी तैयार हो गए ,नेता जी को याद था पिछले कार्यकाल में सर्वप्रथम द लाल की सटीक मुखबिरी से पच्चासी लाख की कमीशन मिली थी , नेता ने

हवाला व्यापारी को हड़काया कि फण्ड लो नहीं तो लूट का माल दिखा कर ईडी लगवा दूंगा, उठा के अंदर करवा दूंगा, और 35 करोड़ वापस देकर उसे भगा दिया, उधर द लाल ने उस पक्ष को भी सेट कर रखा था कि मैं तुम्हारा पैसा छुड़वा दूंगा उसका इरादा यह था कि जो काम होगा उधर से कमीशन खा लूंगा,वो नेता के पास आया तब तक नेता के मन में बेईमानी आ चुकी थी, उसने कहानी बनाई और द लाल से कहा कि पैसा दरअसल एक बहुत बड़े नेता का था इसलिए मुझे छोड़ना पड़ा, द लाल भाग के हवाला व्यापारी के पास आया कि पैसे छूट गए,लाओ मेरा कमीशन दो,हवाला व्यापारी ने बताया कि नहीं, केवल 35 ही छोड़े हैं,बाकी 50 करोड़ डकार लिए हैं,वो भाग के फिर नेता के पास गया पर वही सेम कहानी सुनने को मिली तब द लाल समझ गया कि उसके साथ खेल हो गया,सो फ्रस्टेट होकर उसने व्यापारी को नगर के वरिष्ठ अधिकारियों के पास भेज दिया, तब तक नेता उस 50 करोड़ में में से 26 करोड़ अपनी लेटेस्ट वाली पार्टी को देकर बाकी पैसे ठिकाने लगा चुका था,जब यह खबर उच्च ईडी अधिकारियों को लगी तो उन्होंने तुरंत मामले की गहन जांच की,चूंकि नेता के साथ के हमराही भी उससे खासे नाराज थे कि सारी रकम उसने अकेले ही पार कर ली है हम लोग को कुछ नहीं दिया सो उन सबों ने सारी बात उच्च अधिकारियों को बता दीं प्लस घटना के सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध करा दिए,इस पर उच्च अधिकारियों ने नेता को खूब लतियाया और बाकी पैसा बरामद कर उसे जेल में डाल दिया,ये खबर सुन पार्टी के सेटर टाइप ओकील नेता के बैरक के आसपास मंडराने,यदि नेता ने तुलसीदास जी की बातों पर ध्यान दिया होता,ईमानदारी से द लाल को उसका हिस्सा दे दिया होता, हमराहियों को भी कुछ पकड़ा दिया होता तो कोई लफड़ा ना खड़ा होता,सदा की तरह सीसीटीवी कैमरे भी खराब मिलते,पर उसने ऐसा न किया सो उसके ऊपर विपत्ति का पहाड़ टूट पड़ा। अब नेता जी जेल में द चक्की पिसिंग पिसिंग और पिसिंग।


## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**

**दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

**फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com**

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। - सज़्पादक**

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल ( पोर्टल ) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**सज़्पर्क करें -:**

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

# जीआरपी प्रभारी ने सेन्ट्रल रेलवे स्टेशन पर चलाया सफाई अभियान




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।जीआरपी एस पी अष्टभुजा, सीओ संजीव कुमार के निर्देश पर कानपुर सेंटर रेलवे स्टेशन के जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा द्वारा पुलिस के जवानों के साथ सफाई का विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पुलिस के जवानों द्वारा बैरक व थाने में स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई का कार्य किया गया। जिस दौरान लगे पौधों की सिंचाई भी की गई।

## छात्र छात्राओं को बाबा साहब के द्वारा बताए हुए मार्ग पर चलने के लिए किया प्रेरित

कानपुर। बी0एन0एस0डी0 शिक्षा निकेतन इण्टर कॉलेज बेनाझबर, में डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जयन्ती मनायी गयी। मुख्य अतिथि अमरनाथ (सह प्रांत बौद्धिक प्रमुख राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कानपुर प्रांत) ने अपने उद्बोधन में बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन पर आधारित कई प्रसंग सुनाकर छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। आपने डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के शिक्षा हेतु, समाज सुधार हेतु तथा नारी सशक्तीकरण के लिए किये गये संघर्ष पर विस्तार से प्रकाश डाला और छात्र-छात्राओं को बाबा साहब के द्वारा बताये हुए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। आपके प्रेरणादायी उद्बोधन के बाद सभागार में उपस्थित कई छात्र-छात्राओं ने जिज्ञासावश आपसे बाबा साहब के जीवन पर आधारित कई प्रश्न पूछे। आपने सहज भाव से छात्र-छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया। मुख्य अतिथि का परिचय वरिष्ठ शिक्षक रविशंकर ने कराया, आभार प्रदर्शन ब0 उन्नति ने किया। ब0 मेहर पाण्डेय ने आंग्ल भाषा में एवं ब0 राशि अवस्थी ने मातृभाषा में बाबा साहब के बारे में अपने विचार व्यक्त किये। 60 शैली गुप्ता ने एकल गीत (साधना के देश में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य बृजमोहन कुमार सिंह, उपप्रधानाचार्या मंजूबाला श्रीवास्तव एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# चालीस छात्रों की टीम एक साथ औद्योगिक भ्रमण करने हेतु रवाना

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । कानपुर। सीएसए के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह के निर्देश के क्रम में कृषि व्यवसाय प्रबंधन विभाग के 40 छात्रों का दल औद्योगिक भ्रमण करने हेतु अमूल डेयरी प्लांट माती कानपुर देहात के लिए विभाग के विभागध्यक्ष डा0 सी. एल. मौर्य ने झंडी दिखाकर रवाना किया ।

कार्यक्रम के दौरान विभाग के समन्वयक डा. अंशू सिंह,डा. नीतू, डा. सौरभ सोनकर उपस्तिथि रहे।डा. अंशू ने बताया कि कृषि व्यवसाय प्रबंधन के छात्रों ने औद्योगिक भ्रमण से अमूल के उत्पादों की विभिन्न श्रृंखलाओं जैसे दूध संग्रह, पाश्चुरीकरण और पैकेजिंग की पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। छात्रों ने यह जानकारी हासिल की कि अमूल क्षेत्र के किसानों से किस प्रकार से दूध एकत्र कर दुनिया की सबसे बड़ी दूध सहकारी समिति बना। दूध प्रसंस्करण और अत्याधुनिक पैकेजिंग के लिए मशीनीकृत प्रणालियाँ जो स्वच्छता और गुणवत्ता सुनिश्चित करती है ।

छात्रों ने यह भी जाना कि अमूल अपनी मशीनरी के साथ दूध पाउडर कैसे बनाता है और इसके अलावा बटर मिल्क और उनके पैकेजों का उत्पादन कैसे करता है व सप्लाई चैन, मार्केटिंग, ब्रांडिंग, प्रमोशन के बारे में जानकारी प्राप्त की। छात्र-छात्राओं को पनीर बनाने में शामिल प्रक्रियाओं का निरीक्षण करने का अवसर मिला, और साथ ही, आइसक्रीम फैक्ट्री का दौरा



किया जहां उन्होंने सीखा कि -40 ष्ट पर बर्फ कैसे बनती है और -18 ष्ट पर बर्फ कैसे जमा होती है।छात्र-छात्राओं ने बताया कि आनंद में अमूल फैक्ट्री की उनकी यात्रा वास्तव में ज्ञानवर्धक रही। उन्होंने डेयरी और चॉकलेट उत्पादन प्रक्रियाओं की गहरी समझ हासिल की और गुणवत्ता और स्वच्छता के प्रति अमूल की प्रतिबद्धता से प्रभावित हुए। इस यात्रा ने ग्रामीण विकास में सहकारी समितियों के महत्व और क्षेत्र के लाखों किसानों के जीवन को बदलने में अमूल की सफलता पर प्रकाश डाला। डॉ सी एल मौर्य ने अमूल टीम को उनके गर्मजोशी भरे आतिथ्य और साथ अपना ज्ञान और विशेषज्ञता साझा करने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस औद्योगिक यात्रा ने निस्संदेह छात्र-छात्राओं की समझ को व्यापक बनाया है। डॉ सी एल मौर्य अधिष्ठाता कृषि संकाय ने डॉक्टर अंशु सिंह, डॉक्टर नीतू एवं डॉक्टर सौरव द्वारा छात्र-छात्राओं के ज्ञानवर्धक एवं केरियर विकास हेतु किए गए प्रयासों की सराहना की।

# गोशाला पहुंचकर भक्तो ने किया फलों का भंडारा, गोवंश को खिलाए फल



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । घाटमपुर के कुष्मांडा नगर मोहल्ला निवासी डब्बू शुक्ला ने बताया कि वह आए दिन अखबारों में खबरों को पड़ा करते थे। जिनमे गोशाला में गौवंश की दुर्दशा की खबरे होती थी। यह देखकर उनके मन में एक विचार आया कि क्यों न एक टीम बनाकर एक गोशाला की देखरेज की जाए। उन्होंने अपने साथियों के साथ बैठकर यह बात की तो साथियों ने इस बात पर अपनी अपनी सहमति दे दी। फिर क्या था। डब्बू शुक्ला अपने साथियों के संग नगर स्थित कान्हा गोशाला पर पहुंचे। उन्होंने सभी नगर वासियों के सहयोग से गोशाला में गोवंशियों के लिए चोकर, हरा चारा पहुंचाना शुरू किया। उन्होंने युवाओं ने साथ गोशाला पहुंचकर गायों को केला, गाजर, पेठा, आलू, पपीता, आलू आदि वितरित किए। गाय के नाड़ी में फल देखकर लोग आश्चर्य चकित रह गए। इस दौरान डब्बू शुक्ला, रोहित सोनी, गौरव पांडेय, डा. दीपक यादव, शुभम शौर्य, आशीष तिवारी, हेमंत अवस्थी आदि मौजूद रहे। डब्बू शुक्ला ने उम्मीद जताई कि सबका सहयोग मिलता रहेगा तो अभियान और तेजी पकड़ेगा। नगर की कान्हा गोशाला के साथ ही क्षेत्र की सभी गोशालाओं में गोसेवा का अभियान शुरू किया जाएगा।

डब्बू शुक्ला ने बताया की उन्होंने घाटमपुर नगर के साथ पतारा की टेनापुर मोड़ स्थित गौशाला और परास गौशाला में फलों को भेजा गया है। वहां पर भी गाय को फलों का भंडारा किया जा रहा है।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से सफाई कर्मी की दर्दनाक मौत




कानपुर। घाटमपुर, घाटमपुर रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी की चपेट में आने से सफाई कर्मी की दर्दनाक मौत हो गई। वही पीछे चल रही पत्नी बाल बाल बच गई। मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करने के दौरान मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जानकारी के अनुसार अरुण कुमार नाम का व्यक्ति घाटमपुर के अशोक नगर उत्तरी मोहल्ला का रहने वाला है,जो घाटमपुर नगर पालिका में आउटसोर्सिंग से सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत था। मंगलवार सुबह अरुण कुमार अपनी पत्नी सुधा के साथ घाटमपुर नगर स्थित आछी मोहाल मोहल्ले में सफाई करने के बाद वापस घर लौट रहा था, जैसे ही वह घाटमपुर नगर स्थित रेलवे स्टेशन के पास पहुंचा,तभी अचानक ट्रैक पर मालगाड़ी आ गई, जिसकी चपेट में आने से सफाई कर्मी की कटकर मौत हो गई। वही पीछे चल रही पत्नी बाल बाल बच गई। घटना की जानकारी मिलते मौके पर पहुंचीं जीआरपी पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करने के साथ सफाई कर्मी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना के बाद से परिवारिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।


# मालरोड के होटल में पकड़ा गया बड़ा सट्टा


**3 युवक पकड़े गए, 19 लाख रूपए बरामदगी की सूचना**

**क्राइम ब्रांच ने सूचना के आधार पर की छापेमारी**

कानपुर। कानपुर शहर में आईपीएल सहित अन्य सटटे बाजी चरम पर है। मोहल्लों में पुलिस के संरक्षण में सटटा के कारोबार चल रहे हैं। शनिवार को एडीसीपी मनीष सोनकर की अगुवाई में क्राइम ब्रांच ने हरबंशमोहाल थाना क्षेत्र स्थित माल रोड के होटल माई फेयर में छापा मारा। यहां पर तीन सटोरिये मौके से पकडे गए।सटोरियों कि पहचान सुमित गुप्ता, सुमित आनंद उर्फ़ सूमो , राहुल हुई है। इनके पास से 19 लाख रूपए और पर्चियां बरामद की गई है। आईपीएल के नाम पर बडा सटटा चल रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इसमें कई बडे लोगों के नाम भी शामिल बताए जा रहे हैं। पुलिस ने कहा कि मामले में जांच की जा रही है।








इस होटल में चल रहा था सट्टा

# गरीबों को राहत की आशा नहीं सपा जाति जनगणना करने के लिए कृत संकल्पित

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के तत्वाधान में सामाजिक चेतना के प्रतीक पिछड़ों दलितों गरीबों के चिंतक स्वर्गीय बीपी मंडल की पुण्यतिथि पर समता सद्भाव शोषण के खिलाफ संघर्षरत महायोद्धा के जुझारू संघर्ष की याद में सपा दक्षिणी क्षेत्र के मतदान प्रभारियों पूर्व छात्र नेताओं की सेमिनार गोष्टी आज सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय नवीन मार्केट में आरंभ हुई जिसका संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू ने किया सेमिनार गोष्ठी को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि स्वर्गीय बीपी मंडल ने सन 1979 में पिछडो को लेकर गठित मंडल कमीशन की रिपोर्ट पूरे देश में घूम-घूम कर पूरा आकंलन करके सन 1980 में पूरी रिपोर्ट दे दी थी और मंडल कमीशन की रिपोर्ट तत्कालीन पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय बीपी सिंह ने लागू कर पिछडो को 27त्न का आरक्षण लागू करवाया महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने आगे कहा कि देश में सन 1931 में पहली बार जाति जनगणना हुई लेकिन इसे रोक दी गई लेकिन आज सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जाति जनगणना पर कृत संकल्पित है जाति जनगणना होने के बाद गरीबों पिछड़ों शोषितों अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा हो सकती है बिना जनगणना कराए गरीबों का हित नहीं होगा।

सपा महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू ने कहा कि स्वर्गीय बीपी मंडल तीन बार सांसद दो बार विधायक तथा एक बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे मंडल बड़े घराने के होने के बावजूद देश के गरीबों शोषितों के हितों के लिए संघर्ष तथा सेवा में अग्रणी रहे सेमिनार गोष्ठी में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश सचिव के के शुक्ला महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू महानगर महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर नंदलाल जयसवाल सत्यनारायण गहरवार आनंद शुक्ला महेंद्र सिंह बड़े ठाकुर बलवंत सिंह हरभजन यादव राजेंद्र जैसवाल शादाब आलम तौसीफ सिद्दीकी अब्दुल वहीद मंसूरी रजत मिश्रा अनिल चौबे सहित अन्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।





## पुलिस आयुक्त ने बिनौर क्रासिंग का निरीक्षण कर दिए निर्देश

कानपुर । पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा थाना क्षेत्र संचेण्डी के अन्तर्गत आने वाले बिनौर क्रॉसिंग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षणोपरान्त भौगोलिक परिस्थितियों के दृष्टिगत पुलिस आयुक्त द्वारा पुलिस उपायुक्त पश्चिम को निर्देशित किया गया कि बिनौर क्रॉसिंग संचेण्डी से गुजरने वाले हाइवे से जुडा होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान है असामाजिक तत्वों पर सतर्क व सतत निगरानी किये जाने की आवश्यकता है। अतः बिनौर क्रॉसिंग को ऑपरेशन त्रिनेत्र से जोडकर सीसीटीवी कैमरों का व्यवस्थापन कराया जाये।

## 5 किलो गांजे के साथ अभियुक्त हुआ गिरफ्तार

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर नगर, थाना अनवरगंज पुलिस तथा स्वाट टीम को उस समय एक बडी सफलता हाथ लगी जब एक अभियुक्त को 5 किलों से अधिक मात्रा में गांजे के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही की गयी।

थाना अनवरगंज पुलिस तथा स्वाट टीम के द्वारा संयुक्त रूप से चलाये जा रहे अभियान के दौरान बडी सफलता उस समय मिली जब एक अभियुक्त को भारी मात्रा में गांजे के साथ दबोचा गया। बताया जाता है कि पकडा गया अभियुक्त बच्चन लाल पुत्र स्व0 रामस्वरूप निवासी बिलग्राम थाना, जनपद हरदोई का निवासी है और उसके पास से 5 किलों 690 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। पुलिस द्वारा मामला दर्ज करते हुए आगे की कार्यवाही की जा रही है। वहीं अभियुक्त को पकडने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक नीरज ओझा, प्रवीण त्रिपाठी, मनीष कुमार स्वाट टीम, राहुल कुमार, प्रदीप कुमार, चयन कुमार, रोहित कुमार, अवतार सिंह, अंकित, पुनीत तथा आरक्षी चालक इरशाद अहमद शामिल रहे।

## पंचायत सचिवों ने सीखी ग्रे वाटर मैनेजमेंट की बारीकियां

### सरवनखेड़ा विकास खंड के ग्राम पंचायत करसा में पायलट प्रोजेक्ट के तहत ग्रे वॉटर मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया गया



कानपुर देहात। जल प्रदूषण को रोकने के लिए पायलट प्रोजेक्ट के तहत सरवनखेड़ा विकास खंड के ग्राम पंचायत करसा में ग्रे वॉटर मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया गया है। शुक्रवार को सुबह सरवन खेड़ा ब्लॉक और मलासा ब्लॉक पंचायत सहायकों ने एक्सपोजर विजिट किया। इसमें उन्हें कंसल्टेंट इंजीनियर जिया रहमान ने नाली, दोनों चेंबर व शॉक पिट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही दूषित पानी को फिल्टर करने के तरीके को भी समझाया। डीपीआरओ विकास पटेल ने बताया कि करसा ग्रे वाटर मैनेजमेंट प्रोजेक्ट की तर्ज पर जनपद के 31 तालाबों में शॉक पिट का निर्माण कार्य किया जाना है। इससे तालाब को दूषित होने से रोकने के साथ भूमिगत जल स्तर को भी बढ़ाया टी पड़ी हुई जाएगा। शॉकपिट निर्माण व उसकी देखरेख को सही ढंग से किए जाने को लेकर पंचायत सहायकों की एक्सपोजर विजिट करवाई गई है।इस अवसर पर मौजूद ग्राम एडीओ पंचायत कल्याण सिंह, एडीओ पंचायत आदित्य शुक्ला मलासा , अभय यादव, बोस्की शर्मा, प्राची सचान, दीपक, प्रदीप, विपिन ,धीरू, रवि शुक्ला,अमित, अनिल कटियार, मनी शर्मा अमिता मिश्रा,अक्षय कुमार, आदि और लोग उपस्थित रहे।

## घट रहा परिषदीय स्कूलों में छात्र नामांकन का प्रतिशत

### निजी स्कूलों के झांसे में आकर अभिभावक ले रहे हैं ऐडमिशन, सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था सुधारने के लिए लगातार किए जा रहे हैं प्रयास

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। ऑनलाइन छात्र उपस्थित का आदेश जारी होने से परिषदीय स्कूलों में छात्र नामांकन बढ़ने की वजाय लगातार घटता जा रहा है।

बीते दिनों सभी जिलों से छात्र संख्या की जो रिपोर्ट यू-डायस व प्रेरणा पोर्टल के माध्यम से मांगी गई थी उसमें पिछले सत्र के सापेक्ष हजारों बच्चों की संख्या कम हो गई थी इस नवीन सत्र में उससे भी कम नामांकन होने की संभावना व्यक्त की जा रही है ऐसा इसलिए भी है क्योंकि अब कक्षा एक में प्रवेश के लिए 1 अप्रैल को बच्चों की आयु 6 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए इसके अलावा शिक्षक ऐसे बच्चों का नामांकन भी करने से दूरी बना रहे हैं जो स्कूल में कभी कभार ही आते हैं। नवीन शैक्षिक सत्र में स्कूलों के प्रधानाध्यापक फ्रेश बच्चों के ही एडमिशन करने के मूड में हैं क्योंकि ऐसा देखा गया है की कई बच्चे पहले सरकारी स्कूलों में नाम लिखा लेते हैं और किताबें मिलते ही प्राइवेट विद्यालय में प्रवेश ले लेते हैं।बता दें एक अप्रैल से अभियान चलाकर परिषदीय स्कूलों में नामांकन बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है वहीं शिक्षकों को नामांकन के लिए छात्र खोजे नहीं मिल रहे है। अधिकतर बच्चों के अभिभावक द्वारा गांवों कस्बों में संचालित विद्यालय में दाखिला लिए जाने की जानकारी दी जा रही है लेकिन इनके पास मान्यता हैं कि नहीं इसकी जानकारी नहीं है। हद तो यह है जूनियर की मान्यता पर हाईस्कूल, इंटरमीडिएट तक चलाए जा रहे हैं। इन विद्यालयों के पास मानक के अनुरूप भवन तक नहीं हैं। कहीं टीन के नीचे तो कही घरों में चल रहे है स्कूल। विभाग की तरफ से अब तक गैर मान्यता प्राप्त संचालकों को नोटिस जारी किया गया है लेकिन उन पर विभाग के आदेश का कोई डर नहीं है। इन अमान्य स्कूलों की वजह से सरकारी प्राइमरी विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या प्रभावित हो रही है। अभिभावक अनजाने में अपने बच्चों का दाखिला बगैर मान्यता प्राप्त स्कूलों में करा रहे हैं ।

# अभेद किले की तरह सुरक्षित रहेंगे स्ट्रांग रूमः डीआईजी

### कानपुर रेंज के तेजतर्रार डीआईजी जोगेन्द्र कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर सुरक्षा के सभी इंतजाम किए जा रहे हैं

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा रही है। कानपुर रेंज के तेजतर्रार डीआईजी जोगेन्द्र कुमार व कानपुर मण्डल के आयुक्त अमित गुप्ता ने शुक्रवार को अपने जनपद भ्रमण के दौरान मंडी स्थल पहुंचकर स्ट्रांग रूम,मतगणना स्थल तथा मतदान पार्टियों की रवानगी स्थल आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीआईजी जोगेन्द्र कुमार ने कहा कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल स्ट्रांग रूम और उसके आस-पास 24 घण्टे तैनात रहेंगे। सभी व्यवस्थाएं भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए सुनिश्चित की जाये। उन्होंने बताया कि सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा तैयार किया जाएगा।ईवीएम मशीनों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे और अर्द्धसैनिक बलों को तैनात किया जाएगा।इसके साथ ही परिसर में आस-पास भारी पुलिस व पीएसी बल तैनात रहेगा। इसी क्रम में डीआईजी जोगेन्द्र कुमार द्वारा प्रकाश व्यवस्था,ईवीएम-वीवीपेट मशीन व मतपेटियों के रखरखाव की व्यवस्थाओं का बारीकी से मुआयना किया।साथ ही मंडी परिसर में हर गतिविधि पर सीसीटीवी कैमरों से नजर रखने के लिए अलग से एक कंट्रोल रूम तैयार करने के दिशा-निर्देश दिए।रूट चार्ट,वैकल्पिक रूट चार्ट,सुरक्षा व्यवस्था,निष्पक्ष चुनाव के रूप में मतों की गणना हेतु सम्बंधित को निर्देशित करते हुए वाहन प्रवेश और निकासी के संबंध में जानकारी ली साथ ही ईवीएम मशीन रखने और मतगणना केंद्र में ईवीएम मशीन प्राप्त करने के लिए काउंटर स्थल और वाहन के लिए पार्किंग स्थल की व्यवस्था हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया।इस मौके पर जिलाधिकारी नेहा प्रकाश,पुलिस अधीक्षक चारु निगम,अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक दिगंबर कुशवाहा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



# जेके कैंसर संस्थान में मरीजों के साथ खिलवाड़




### मरीजों को लगा दिया गया घटिया एंटीबायोटिक इंजेक्शन ◂◂ निरीक्षण के दौरान 38 सैंपल लिए जांच में 1 फेल, ◂◂ औषधि विभाग ने कंपनी को भेजा नोटिस

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। कानपुर में जीटी रोड स्थित जेके कैंसर इंस्टीट्यूट में कम असर वाले ऑलक्लेव 1.5 ग्राम के इन्जेक्शन संक्रमित मरीजों को लगते रहे। यह एंटीबायोटिक शरीर को बैक्टीरिया के कारण होने वाले संक्रमणों से लड़ने में मदद करती है। हॉस्पिटल ने हेल्थ बॉयोटैक से 6000 इंजैक्शन टेंडर से खरीदे थे] अब करीब 2500 इंजैक्शन बचे हुए हैं। 19 जनवरी को औषधि विभाग की टीम ने हॉस्पिटल में निरीक्षण के दौरान 38 सैंपल लिए थे। इनमे से 25 की रिपोर्ट विभाग के पास आई है]

इसमें एक इंजैक्शन जांच में फेल मिला है। ड्रैग इंस्पैक्टर ओमपाल सिंह ने बताया कि जेके कैंसर इंस्टीट्यूट से लिए नमूनों में एक फेल की रिपोर्ट आई है। इंजैक्शन बनाने वाली कंपनी को नोटिस भेजकर इस संबंध में जानकारी लेने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

संक्रमित मरीजों को ऑलक्लेव 1.5 इंजैक्शन एंटीबॉयोटिक में दी जाती है। इससे संक्रमण से राहत मिलती है। जेके कैंसर इंस्टीट्यूट में मरीजों को अधोमानक ऑलक्लेव इंजैक्शन लगा दिया गया। 2023 में टेंडर के जरिए हिमाचल प्रदेश के सोलन बद्दी स्थित हेल्थ बायोटेक कंपनी ने हॉस्पिटल को 6000 इंजैक्शन बेचे थे।

इसके बाद यह इंजैक्शन मरीजों को लगाए जाने लगे। जनवरी 2024 में औषधि विभाग की टीम ने हॉस्पिटल स्थित मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। यहां से दवाओं और इंजैक्शन के 38 नमूने लिए गए। इनको जांच के लिए लैब में भेजा गया। अब इन नमूनों में 25 की जांच रिपोर्ट विभाग के पास आ गई है। इनमें से ऑलक्लेव 1.5 ग्राम का इंजैक्शन जांच में अधोमानक निकला है। मानक के अनुसार 90 से 107 प्रतिशत होना चाहिए, वह 82 प्रतिशत निकला है। मरीज को इंजेक्शन लगाने का फायद कम होगा। मतलब संक्रमण से जूझ रहे मरीजों को जल्द लाभ नहीं मिलेगा।

## अकबरपुर लोकसभा का नाम बदल कर हनुमंतपुर कराये जाने की गुहार



कानपुर । भाजपा नेता जीत प्रताप सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस कर के सभी को अवगत कराया कि उन्होंने पत्र लिखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ से अपील करी की कानपुर - बुंदेलखंड क्षेत्र स्थित लोकसभा संख्या 44 का नाम अकबरपुर लोकसभा से बदलकर हनुमंतपुर लोकसभा करने की बात कही।उन्होंने कहा कि यह आवश्यक इस लिए भी है, क्योंकि लोकसभा 44 के अन्तर्गत कई दिव्य दर्शनीय स्थल हैं जैसे की कुढ़नी स्थित हनुमान मंदिर, मैथा स्थित हनुमान धाम , भीतरगाँव स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर , अकबरपुर स्थित काली माता मंदिर, घाटमपुर स्थित माँ कूष्मांडा देवी मंदिर हैं।

## प्राथमिक विद्यालय दांती में मनाया गया वार्षिक उत्सव

कानपुर देहात। विकासखंड रसूलाबाद के प्राथमिक विद्यालय दांती में खंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह के मार्गदर्शन में हर्षोउल्लास के साथ वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान शिव मंगल द्वारा मां सरस्वती का माल्यार्पण एवं पूजन कर किया गया। विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत मलकापुरवा के प्रधान शिव मंगल कठेरिया, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष लालाराम, उपाध्यक्ष कुंती, पूर्व एसएमसी अध्यक्ष शिवनारायण, अभिभावक शिक्षक संघ के अध्यक्ष मंगल सिंह, अमर सिंह, पवन सिंह, संजू, मुकेश, राजेश, कमलेश, अजय, राहुल, जीवनलाल, माया, नन्ही, पप्पी, पुष्पा गीता, अनीता, सुधा, सूरजमुखी, कोमल, रामप्यारी सहित अन्य कई अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम इंचार्ज प्रधानाध्यापक शिवनाथ द्वारा नवरात्रि के पावन अवसर पर कन्या भोज कराया गया। तत्पश्चात सभी कक्षा के प्रथम द्वितीय तृतीय छात्रों को पुरस्कृत किया गया जिसमें कक्षा 5 के छात्र-छात्राओं के साथ साथ अन्य कक्षा के छात्र छात्राओं को विद्यालय की ओर से पुरस्कृत करते हुए रिपोर्ट कार्ड, ट्राफी, मेडल, स्टेशनरी आदि प्रदान कर ग्राम प्रधान शिवमंगल जी तथा इं.प्रधानाध्यापक शिवनाथ द्वारा सम्मानित किया गया। सहायक अध्यापक रवि कमल ने अपने संबोधन में बच्चों को शुभाशीष देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# अभिमन्यु क्षत्रिय सभा के द्वारा आयोजित हुआ होली मिलन समारोह

## होली मिलन समारोह में भगवान परशुराम की प्रतिमा के लिए दिए गए पांच लाख रुपए



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। करौली शंकर महादेव ने भवन निर्माण के लिए 11 लाख दान देने घोषणा की अभिमन्यु क्षत्रिय सभा की ओर से परसोली हंसपुरम में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में करौली शंकर महादेव को आमंत्रित किया गया था। संस्था के कार्यों को देखते हुए करौली शंकर महादेव ने क्षत्रिय महासभा के भवन निर्माण को 11 लाख देने की घोषणा की एवं परिसर में परशुराम की प्रतिमा लगाए जाने पर 5 लाख का चेक संगठन को दान दिया जिससे कि ब्राह्मण और क्षत्रिय की एकता की मिसाल बन सके वही करौली शंकर महादेव ने समारोह में संदेश देते हुए बोले छमा करो और भूल जाओ का संदेश दिया कन्या भ्रूण हत्या नशामुक्ति महिला हिंसा के खिलाफ आंदोलन चलाने को बल दिया। सभा में आए लोगो को संकल्प के माध्यम से स्वस्थ किया बच्चों से मोबाइल की लत को छुड़वाया व नशे के लती लोगो को देखते हीं देखते नशे से उनका मोह तोड़ दिया गया

इस तरह की चिकित्सा देख लोग वहा उपस्थित लोगो को अपने वैदिक चिकित्सा पर भी विश्वास बढ़ा। वहा उपस्थित लोगो को करौली शंकर महादेव के द्वारा आशीर्वाद स्वरूप महाप्रसाद भी दिया गया। वही कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्षता पंकज तोमर किया। समारोह में सांसद देवेंद्र सिंह भोले, लाल सिंह तोमर, रघुनंदन सिंह भदौरिया, भाजपा के महामंत्री शिवराम सिंह, विधायक अभिजीत सांगा, अविनाश सिंह चौहान, आरएन सिंह, उमेश तोमर, युग दधीचि के मनोज सेंगर, धर्मराज सिंह चौहान, एसडी सिंह परिहार, भूपेन्द्र चौहान, मुनीन्द्र चौहान सहित काफी संख्या में क्षेत्रीय मौजूद रहे आदि रहे।

# विशेष सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर नगर, यात्रियों को उच्च दर्जे की सेवा देने के लिए संकल्पित उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल द्वारा निरंतर सर्वोत्तम प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही रेल राजस्व में वृद्धि हेतु सतत प्रयत्नशील है। इसी कड़ी में आशुतोष सिंह, उप मुख्य यातायात प्रबंधक के मार्गदर्शन में संतोष कुमार त्रिपाठी, सहायक वाणिज्य प्रबंधक, कानपुर, के कुशल निर्देशन में कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर अनियमित या एवं बिना टिकट, तथा स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाने वाले यात्रियों अवैध वेंडरों के विरुद्ध स्टेशन की क़िलाबन्दी कर विशेष सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया।इस दौरान स्टेशन से गुजरने वाली 21 गाड़ियों पर आने जाने वाले यात्रियों के टिकटों की जाँच के साथ बिना बुक किये गए सामान तथा स्टेशन पर गंदगी फैलाने वाले यात्रियों तथा अवैध वेंडरों की सघन जांच की गई। गाड़ी एवं स्टेशन पर अनियमित एवं अनाधिकृत पाए गए 343 तथा गंदगी तथा धूम्रपान करते हुए पाये जाने वाले 25 कुल 368 व्यक्तियों के विरुद्ध रेलवे के तहत नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जुर्माने के रूप में कुल 2,05,800/- रुपये वसूल किया गया।इस दौरान सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्री संतोष त्रिपाठी एवं उनकी वाणिज्य टीम द्वारा यात्रियों को टिकट लेकर ही यात्रा करने ,गाड़ी तथा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर, धूम्रपान एवं गंदगी न फैलाने, के प्रति जागरूक भी किया गया। सहायक वाणिज्य प्रबंधक कानपुर एवं उनकी टीम के द्वारा इस दौरान यात्रियों को मोबाइल एप के माध्यम से कैसे अनारक्षित ले इस बाबत भी जागरूक किया गया।श्री संतोष त्रिपाठी ने बताया कि बिना टिकट या अनियमित रूप से यात्रा करने वाले तथा स्टेशन परिक्षेत्र में गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध ये अभियान लगातार चलेगा।

# अंबेडकर प्रतिमाओं को किया गंगाजल व दूध से जलभिषेक



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर, जिला कांग्रेस कमेटी कानपुर नगर ग्रामीण अनुसूचित जाति विभाग एवं वाल्मीकि समाज जनकल्याण महासभा के संयुक्त तत्वाधान में जिला अध्यक्ष सुनील बाल्मीकि के नेतृत्व में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133 वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर भव्य एवं विशाल शोभायात्रा का कार्यक्रम आयोजन किया गया।

शोभा यात्रा कैंप कार्यालय ग्वालटोली से एकत्रित होकर कानपुर शहर की समस्त अंबेडकर प्रतिमाओं को गंगाजल व दूध से जलभिषेक कर विभिन्न विभिन्न मार्गों से होते हुए चुन्नीगंज बाल्मीकि बस्ती अंबेडकर प्रतिमा को दूध व गंगाजल से जलभिषेक कर माल्यापर्ण किया। जिलाध्यक्ष सुनील बाल्मीकि ने मीडिया को संबोधित करते हुए बोला कि आज इस देश में संविधान खतरे पर है हम दलित समाज के लोगों को सड़कों पर उतरकर के भीषण आंदोलन करने की जरूरत है वर्तमान में बैठी हुई सरकार बाबा साहब अंबेडकर द्वारा दिए अधिकाको को खत्म करना चाहती है। हमें सड़क पर उतरकर संकल्प लेने की जरूरत है आगामी लोकसभा चुनाव पर बाबा साहब द्वारा दिए गए अधिकार से अपने वोट की ताकत से इस सरकार को उखाड़ फेंकना है।शोभायात्रा में प्रमुख रूप से मेरे साथ उपस्थित मेरे प्रिय भाई चंद्रेश बक्सरिया, बउवा वाल्मीकि कर्मचारी संयुक्त संघ के महामंत्री बड़े भाई हरिओम वाल्मीकि, धर्मेंद्र वाल्मीकि, विनोद खोटे लाला डोरी वाले, कांग्रेस नेता सतीश वाल्मीकि अरविंद पेंटर (बैंड वाले) राम मूर्ति वाल्मीकि, संतोष भारती, बृजेन्द्र मकोरिया रतन खुराना धर्मेंद्र भारती, अनिल हजारिया, सौरभ मालिया, बृजलाल भारती एडवोकेट पिंटू बाबा राहुल कैथल, अंटू बाल्मीकि, एडवोकेट महेश, किशन दरोगा, राजा, आशीष वाल्मीकि, अमरनाथ वाल्मीकि, विक्की बाल्मीकि, रॉबिनबाल्मीकि, हेमंत बाबू, राकेश ढोल वाला, अक्षय भाई, विजय टेकला, तमाम वाल्मीकि समाज के बुद्ध पर युवा साथी आदि लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन देश में 400 से ज्यादा सीटें जीतेगा




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। एनडीए गठबंधन में भाजपा के सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल, अपना दल एस, सुहेलदेव भारतीय पार्टी, निषाद पार्टी भी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी को जिताने के लिए मैदान में कूद पड़ी हैं।शुक्रवार को भाजपा केंद्रीय कार्यालय में एनडीए गठबंधन के दलों की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में राष्ट्रीय लोक दल, अपना दल एस, सुहेल देव भारतीय पार्टी और निषाद पार्टी के कार्यकर्ता शामिल हुए।कानपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी रामशरण कटियार ने कहा कि सभी दलों के पार्टी कार्यकर्ता घर घर जाकर मतदाताओं से संपर्क व संवाद कर मोदी सरकार की उपलब्धियां बताएं। सभी सहयोगी दलों के कार्यकर्ता एकजुट होकर एनडीए गठबंधन को जिताने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन देश में 400 से ज्यादा सीटें जीतेगा। उन्होंने कहा कि सहयोगी दलों के कार्यकर्ता पन्ना प्रमुख बनेंगे। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कहा कि पार्टी विधानसभा स्तर पर नुक्कड़ सभाएं करेगी। विधानसभा स्तर पर कार्यालय खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि सहयोगी दलों के कार्यकर्ता टोली बना कर घर घर संपर्क करेंगे और पीएम मोदी की उपलब्धियां बनाकर कमल के फूल के लिए वोट मांगेंगे।इंडिया गठबंधन के सभी दलों को समन्वय की जिम्मेदारी राशि लोकदल के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश गुप्ता को दी गई बैठक में प्रमुख रूप से रामशरण कटियार रमाकांत त्रिपाठी, मणिकांत जैन, कौशल किशोर दीक्षित, जिलाध्यक्ष दीपू पांडे, विधायक सरोज कुरील, सुरेश गुप्ता, नवीन श्रीवास्तव, प्रभात त्रिपाठी, राज निषाद, मो उस्मान, इमरान सिद्दीकी, सत्य प्रकाश कुरील आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी के माध्यम से शिक्षकों ने राजपाल एवं मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। वेतन अनुदान का एक करोड रुपए लैप्स हो जाने के कारण उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष हरिश्चंद्र दीक्षित के नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी कानपुर नगर के द्वारा प्रेषित किया गया ज्ञापन देने के उपरांत बताया गया कि संलग्न प्राइमरी बालिका विद्यालयों का माह फरवरी का वेतन तथा संस्कृत विद्यालयों का वेतन एवं अन्य अवशेष अनुमानताओं का वेतन का अनुदान लैप्स कर दिए जाने पर जिला विद्यालय निरीक्षक कानपुर नगर के विरुद्ध कार्रवाई करने एवं अनुदान पुनः निर्गत कर भुगतान करने की मांग करते हुए ज्ञापन दिया गया !ज्ञापन देने वालों में दीक्षित के अतिरिक्त देने अजीत शुक्ला, अशोक शुक्ला, रवि थदानी, गगन कटियार, प्रभाकर उपाध्याय लाल सिंह, पंकज कुमार वर्मा इत्यादि लोग ममौजूद रहे।

# स्कूल के वार्षिक उत्सव में झूमे बच्चे

## होनहार विद्यार्थी को शिक्षकों ने किया पुरस्कृत






**बीपीएस न्यूज**

कानपुर देहात। संविलियन विद्यालय धौकलपुर विकासखंड मलासा जनपद कानपुर देहात में कक्षा 5 में पढ़ने वाले बच्चों का परीक्षाफल वितरित किया गया एवं विद्यालय का वार्षिक उत्सव भी मनाया गया।

वार्षिक उत्सव के कार्यक्रम में सर्वप्रथम । विद्यार्थियों ने गौती, नृत्य, नाटिक, मतदान जागरूकता समेत अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुतियां की गई।

ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापिका श्रुति सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम एआरपी अविनाश सचान ,एआरपी नौशाद ,एआरपी अनुराग ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश भविष्य के हैं, इन्हें निखरने दें। उन्होंने कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर है इसकी गरिमा को शिक्षक एवं ग्रामवासी दोनों बनाएं रखें। उन्होंने कहा कि विद्यालय से पढ़कर ही कोई भी व्यक्तिशिक्षक, इंजीनियर एवं उच्चाधिकारी बनते हैं। गुरुओं और माता-पिता के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षा 5 के सभी बच्चों को मेडल सम्मान करें तभी आप उच्चतमशिखर पर पहुंचेंगे।

सहायक अध्यापिका सीमा सिंह, सहायक अध्यापिका विजेता सेन, सहायक अध्यापिका ममता गौतम, सहायक अध्यापिका सारिका सिंह, सहायक अध्यापक किशन कुमार ,श्री कृष्ण मास्टर साहब , रघुवीर ,सिंह मास्टर साहब, कौशल, और कई गांव के ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नवरात्रि पर सजाई मां भगवती की चौकी



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। नवरात्रि के पावन शुभ अवसर पर ईश्वर प्रेम आश्रम केशव नगर में आश्रम की संचालिका संत प्रतिमा प्रेम के मार्गदर्शन मे माता का चौकी का आयोजन किया गया।

जिसमे बड़ी संख्या में भक्तजनों ने देवी गीत व भजन के माध्यम से माता की स्तुति व वंदन किया।महिलाओं ने मैया नवरात्रों में जब धरती पे आती है..., पालकी में होके सवार चली रे मैं तो अपनी मैया के द्वार चली रे..., छूंम छूम छनन बाजे मैया पांव पैजनिया...। माता का भोग आरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।

माता की चौकी उत्सव में प्रमुखरूप से राज कुमार शर्मा, कमलेश चन्द पाण्डेय, महेश अवस्थी, श्वेता, जया, प्रीति पाण्डेय पूनम कुमार, जया त्रिपाठी, सोनी बंसल, शोभा त्रिवेदी, जयंती बाजपेई, मोहानी बाजपेई, राजेन्द्र अवस्थी, जयराम दुबे, श्याम बिहारी शर्मा, वी के दीक्षित, शंकर लाल परशुरामपुरिया हरिहर नाथ गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने युवक को अवैध तमंचा कारतूस संग दबोचा

सरवन खेड़ा। अपराध नियंत्रण की दिशा में एक और सफलता हासिल करते हुए थाना गजनेर पुलिस ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर एक युवक को देशी अवैध तमंचा कारतूस संग गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। बताते चलें कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कानपुर देहात पुलिस लगातार अलर्ट मूड में है। पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में कानपुर देहात पुलिस का लगातार अपराधियों का धरपकड़ अभियान जारी है। जिसके चलते अपराध करने वालों के हौंसले पस्त होते नजर आ रहे हैं। इसी के तहत थाना गजनेर पुलिस ने शुक्रवार शाम मुखबिर की सूचना पर छापामारी कर थाना क्षेत्र के ज्यूनियां गांव निवासी हरिशंकर सिंह उर्फ प्रवीण कुमार को एक अददा देशी अवैध तमंचा 315 बोर मय जिंदा कारतूस समेत ज्यूनियां गांव स्थित बैंक के पास दबोच लिया। आरोपी के विरुद्ध आर्ट्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। थाना प्रभारी दिलीप कुमार बिंद ने बताया कि आरोपी को न्यायालय भेजा गया है।

# दिल्ली में बिजली, पानी और बस किराए पर सब्सिडी को लेकर सियासत शुरू, एलजी और आप के बीच जुबानी जंग





उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि दिल्ली में बिजली, पानी और बस यात्रा सब्सिडी जारी रहेगी। कानूनी प्रक्रिया के अनुसार, किसी व्यक्ति के जेल जाने से सरकार की किसी योजना पर कोई असर नही पड़ेगा। दिल्ली सरकार की कोई भी सब्सिडी योजना बंद नहीं होगी- लोगों को ऐसी अफवाहों और राजनीतिक लाभ पाने के उद्देश्य से दिए जा रहे बयानों से बचना चाहिए। यह योजनाएं, भारत सरकार और उपराज्यपाल द्वारा अनुमोदित बजट का हिस्सा हैं, ये किसी व्यक्ति या राजनीतिक दल की नहीं हैं।

एक विशेष राजनीतिक पार्टी के सदस्य और मंत्री भ्रम पैदा करने के लिए जानबूझकर झूठे और भ्रामक बयान दे रहे हैं। दिल्ली के मंत्री और आम आदमी पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज ने ट्वीट किया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद जी ने दिल्ली की जनता से वादा किया था कि वो जेल के बाहर हों या अंदर, दिल्ली के लोगों के काम नहीं रुकने देंगे। आज दिल्ली के बेटे और भाई अरविंद केजरीवाल की बड़ी जीत हुई है। दिल्ली की जनता की बड़ी जीत हुई है।

# जेम्स बॉन्ड की फिल्म है क्या, बार-बार सिक्केल आते रहेंगे, केजरीवाल से जुड़ी याचिका पर क्यों भड़क गया हाई कोर्ट?



दिल्ली उच्च न्यायालय ने अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग करने वाली एक और याचिका खारिज कर दी और इस संबंध में बार-बार मुकदमेबाजी पर नाराजगी व्यक्त की। अदालत ने कहा कि यह जेम्स बॉन्ड फिल्म नहीं है जिसके सीक्वल होंगे। आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक संदीप कुमार द्वारा दायर याचिका में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उत्पाद शुल्क नीति मामले में गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग की गई है। अदालत ने कहा कि यह जेम्स बॉन्ड फिल्म की तरह नहीं है जहां हम सीक्वल बनाएंगे। (उपराज्यपाल इस पर फैसला लेंगे)। आप हमें राजनीतिक जाल में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं ।कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की अध्यक्षता वाली पीठ ने अदालत को राजनीतिक जाल में शामिल करने के प्रयास के लिए याचिकाकर्ता को फटकार लगाई और चेतावनी दी कि सिस्टम का मजाक बनाने के लिए उस पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। पीठ ने कहा कि इन जैसे लोगों के कारण ही अदालतें मजाक बनकर रह गई हैं। आप व्यवस्था का मजाक बनाने की कोशिश कर रहे हैं और हमें राजनीतिक जाल में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। हम इसमें शामिल नहीं होंगे ।अदालत ने संदीप कुमार के वकील से पूछा क्या आपने किसी अदालत को राज्यपाल शासन या राष्ट्रपति शासन लगाते देखा है? क्या सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट ने किसी मुख्यमंत्री को हटाया है? याचिकाकर्ता संदीप कुमार ने दावा किया कि अरविंद केजरीवाल की अनुपलब्धता ने संवैधानिक तंत्र को जटिल बना दिया है और वह संविधान के अनुसार कभी भी जेल से सरकार नहीं चला सकते। कोर्ट ने साफ किया कि दिल्ली के राज्यपाल इस मामले पर फैसला ले सकते हैं।

# दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ी, आप को विजिलेंस विभाग ने हटाया



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही है। विजिलेंस विभाग में अब अरविंद केजरीवाल के दिए विभव कुमार को टर्मिनेट कर दिया है। विभव कुमार अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव हैं ।दिल्ली शराब घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल के सचिव विभव कुमार से प्रवर्तन निदेशालय ने कई बार पूछताछ भी की है। शराब उठाना मामले में अरविंद केजरीवाल की मुश्किल नहीं लगातार बढ़ती जा रही है। इससे पहले मंगलवार को अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को हाई कोर्ट ने सही बताया था ।बता दें कि अरविंद केजरीवाल को लगातार झटके मिल रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी का विरोधी करते हुए सुप्रीम कोर्ट में तत्काल सुनवाई की मांग की थी लेकिन वहां स्पेशल बेंच नहीं मिली। अरविंद केजरीवाल की सरकार के मंत्री राजकुमार आनंद ने मुख्यमंत्री पर भ्रष्टाचार में लिफ्ट होने की बात कहकर पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इसी बीच उनके नीचे सच्चे बिभव कुमार को भी बर्खास्त किया गया है, जिसके बाद वो सेवाएं नहीं दे सकेंगे। दिल्ली के मंत्री राजकुमार आनंद ने आम आदमी पार्टी (आप) के भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे होने का आरोप लगाते हुए बुधवार को मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया और पार्टी भी छोड़ दी। समाज कल्याण समेत विभिन्न विभाग संभालने वाले आनंद ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि पार्टी में दलितों को कोई प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा, ''यह पार्टी दलित विधायकों, पार्षदों और मंत्रियों का सम्मान नहीं करती। ऐसे में सभी दलित ठगा हुआ महसूस करते हैं। हम एक समावेशी समाज में रहते हैं, लेकिन अनुपात के बारे में बात करना गलत नहीं है। इन सभी चीजों के साथ मेरे लिए पार्टी में बने रहना मुश्किल है। इसलिए मैं पद से इस्तीफा दे रहा हूं।''

# खून बहाने को तैयार यूसीसी, एनआरसी और समान नागरिक संहिता हमें मंजूर नहीं, ममता बनर्जी का ऐलान


पश्चिम बंगाल में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के कार्यान्वयन पर अपना विरोध दोहराते हुए, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू नहीं होने देगी। उन्होंने ईद-उल-फितर के मौके पर कोलकाता की एक मस्जिद में मुस्लिम समुदाय को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। हम देश के लिए खून बहाने को तैयार हैं लेकिन देश के लिए अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेंगे।

ममता बनर्जी ने कहा कि यूसीसी स्वीकार्य नहीं है। मैं आपकी सुरक्षा, आपका जीवन, सभी धर्मों में सद्भाव चाहती हूं,हम सीएए, एनआरसी या यूसीसी को स्वीकार नहीं करेंगे। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले केंद्र ने इस साल की शुरुआत में सीएए लागू करने की घोषणा की थी। इसके अलावा, यूसीसी लंबे समय से भाजपा के एजेंडे में है। भाजपा के नेतृत्व वाली उत्तराखंड सरकार ने राज्य में यूसीसी की शुरुआत की है। ममता बनर्जी ने भाजपा पर व्यक्तिगत रूप से मुस्लिम नेताओं को फोन करने और आगामी लोकसभा चुनावों में उनका समर्थन मांगने का भी आरोप लगाया।

उन्होंने सभा में कहा कि चुनाव के दौरान, आप मुस्लिम नेताओं को बुलाते हैं और कहते हैं कि आप क्या चाहते हैं? मैं कहती हूं कि उन्हें कुछ नहीं चाहिए, वे प्यार चाहते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कुछ लोग दंगे कराने की कोशिश करेंगे; इस साजिश का शिकार न बनें। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान पर भाजपा नेता रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि भाजपा तो ऐसे ही प्रवेश(पश्चिम बंगाल में) कर चुकी है, अभी तो और करेगी। सीएए का कोई संबंध हत्र्रष्ट से नहीं है। क्या वे(ममता बनर्जी) नहीं चाहती हैं कि जो बांग्लादेश से आए हिंदू हैं, जो पीड़ित हैं और जो अमानवीय त्रास्दी से त्रस्त हैं, उन्हें देश में स्थान मिले? मैं ईद के दिन कोई राजनीतिक बात नहीं करूंगा। सभी को शुभकामनाएं लेकिन पश्चिम बंगाल के नतीजे बहुत चौंकाने वाले होंगे जहां भाजपा बहुत बुरी तरह से ममता बनर्जी और उनकी पार्टी को परास्त करेगी।



## 3 बार हमारे आदेशों की अनदेखी की, नतीजा भुगतना होगा, पतंजलि विज्ञापन केस में रामदेव-बालकृष्ण का माफीनामा खारिज



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को भ्रामक विज्ञापन मामले में बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के एमडी आचार्य बालकृष्ण की बिना शर्त माफी को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। कड़े शब्दों में की गई टिप्पणियों में अदालत ने कहा कि कागज पर माफी केवल इसलिए जारी की गई क्योंकि उनकी पीठ दीवार के खिलाफ है। पतंजलि आयुर्वेद द्वारा कथित तौर पर गुमराह करने वाले विज्ञापन प्रकाशित करने का जिक्र करते हुए अदालत ने कहा कि वे ऐसा करने से बचेंगे, फिर भी उन्होंने दोनों को अवमानना ??मामले में कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहने को कहा।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली ने कहा कि माफी कागज पर है। उनकी पीठ दीवार के खिलाफ है। हम इसे स्वीकार करने से इनकार करते हैं, हम इसे वचन का जानबूझकर उल्लंघन मानते हैं। कोर्ट ने बाबा रामदेव और बालकृष्ण के आचरण को जानबूझकर अवज्ञाकारी बताया. अदालत ने कहा कि हम इसे (माफी) स्वीकार नहीं करते हैं, हम इसे स्वीकार करने से इनकार करते हैं। हम इसे जानबूझकर वचन की अवज्ञा मानते हैं।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव और बालकृष्ण को अंतिम अवसर देते हुए एक सप्ताह के भीतर नया हलफनामा दाखिल करने को कहा था। अदालत ने रामदेव और बालकृष्ण को झूठी गवाही के आरोप की भी चेतावनी दी, जबकि यह नोट किया कि पतंजलि द्वारा हलफनामे के साथ जमा किए गए दस्तावेज बाद में बनाए गए थे। अदालत ने आगे कहा कि यह झूठी गवाही का स्पष्ट मामला है। हम आपके लिए दरवाजे बंद नहीं कर रहे हैं, लेकिन हम आपको वह सब बता रहे हैं जो हमने नोट किया है।

## धर्म परिवर्तन करिए लेकिन छिपाकर नहीं, अखबार में निकलवाएं विज्ञापन- इलाहाबाद हाईकोर्ट

भारतीय संविधान में नागरिकों को अधिकार दिया गया है कि वह जो चाहें वह धर्म फॉलो कर सकते हैं. इसकी उन्हें पूरी स्वतंत्रता है. लेकिन चोरी-छिपे या धोखाधड़ी से होने वाले धर्म परिवर्तन के कई मामले भी देखे गए हैं. इस बीच, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने धर्म परिवर्तन और उसकी प्रक्रिया पर अहम टिप्पणी की है. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि कानूनी प्रक्रिया से धर्म परिवर्तन के लिए लोग स्वतंत्र हैं. अगर कोई अपना धर्म बदलता है तो उसे अखबार में विज्ञापन देना होगा.इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा है कि कानूनी प्रकिया से हुआ धर्म परिवर्तन वैध है. लेकिन इसे छिपाकर ना किया जाए. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक आदेश में कहा है कि देश में कोई भी व्यक्ति धर्म बदलने के लिए स्वतंत्र है. बशर्ते कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया गया हो.हाईकोर्ट ने कहा कि इसके लिए शपथ पत्र और अखबार में विज्ञापन दिया जाना जरूरी है. ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि धर्म परिवर्तन से कोई सार्वजनिक आपत्ति नहीं है. यह भी सुनिश्चित किया जाना जरूरी है कि कोई धोखाधड़ी या अवैध धर्म परिवर्तन नहीं है. साथ ही सभी सरकारी आईडी पर नया धर्म दिखाई देना चाहिए.

गौरतलब है कि भारतीय संविधान के आर्टिकल 25 से 28 में धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार दिया गया है. भारत के नागरिकों को आस्था और प्रार्थना की आजादी दी गई है।

## पुलिस ने 13 बदमाशों को गिरफ्तार कर हथियार व शराब बरामद की


लोकसभा चुनावों को लेकर सतर्कता बरत रही गौतमबुद्धनगर पुलिस ने विभिन्न क्षेत्रों से 13 बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से सात देसी तमंचे, दो चाकू और शराब बरामद की है। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी ।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अवैध हथियारों की यह बरामदगी थाना सेक्टर 113, बिसरख थाना, थाना बीटा- दो, थाना बादलपुर, थाना सेक्टर 39, थाना सेक्टर 20 और थाना रबूपुरा क्षेत्रों से की गई है ।अधिकारियों के मुताबिक, सात बदमाशों के पास से देसी तमंचे और कारतूस मिले हैं और दो के पास से चाकू बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि संबंधित थानों ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है ।अधिकारियों ने बताया कि थाना फेस- वन और थाना सेक्टर 126 पुलिस ने अलग अलग इलाकों से 12 बोतल अंग्रेजी शराब तथा 116 पव्वा देसी शराब बरामद की और इस बाबत चार लोगों को गिरफ्तार किया।

## भारत ने अपने नागरिकों को इजराइल, ईरान की यात्रा नहीं करने की सलाह दी

सीरिया में 11 दिन पहले ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद दोनों देशों में बढ़ते तनाव के बीच भारत ने शुक्रवार को अपने नागरिकों से ईरान या इजराइल की यात्रा नहीं करने को कहा।

ईरान ने इस हमले के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया है और ऐसी आशंका जताई गई है कि तेहरान जल्द ही इजराइल पर हमला कर सकता है। विदेश मंत्रालय ने एक परामर्श में ईरान और इजराइल में रहने वाले भारतीयों को सलाह दी है कि अपनी सुरक्षा के बारे में अत्यधिक सतर्कता बरतें और अपनी गतिविधियां कम से कम रखें ।उसने कहा, ''क्षेत्र में मौजूदा स्थिति के मद्देनजर सभी भारतीयों को सलाह दी जाती है कि अगले नोटिस तक ईरान या इजराइल की यात्रा नहीं करें।'' विदेश मंत्रालय ने कहा, ''वे सभी जो वर्तमान में ईरान या इजराइल में रह रहे हैं, उनसे अनुरोध है कि वे वहां भारतीय दूतावासों से संपर्क करें और अपना पंजीकरण कराएं।

# कानपुर में डीपफेक एआई से ठगी का पहला मामला आया सामने



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की औद्योगिक नगरी कानपुर के एक सब्जी विक्रेता को साइबर ठगों ने डीपफेक एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की मदद से व्हाट्सएप कॉल कर उसके भतीजे की ही आवाज में बात कराकर एक लाख रुपये ठग लिए। कानपुर में डीपफेक एआई से पहली बार ठगी का मामला सामने आया है। साइबर फ्रॉड का शिकार हुए दिनेश ने बताया कि जिस व्हाट्सएप नंबर से कॉल, मैसेज और फोटो आ रही थी। उसकी डीपी पर वर्दी पहने हुए एक व्यक्ति की फोटो लगी थी। खुद का नाम वह दरोगा विजय बता रहा था और कानपुर के ही सचेंडी थाने में तैनात होने की बात कह रहा था।

व्हाट्सएप कॉल के दौरान दिनेश का भतीजा बोल 'हैलो फूफा! मुझे कि पैसे लगेंगे, वह मैं आपको कुछ देर में ट्रांसफर कर दूंगा। साइबर क्राइम करने वाले ने दरोगा बन उन्हें धमकी दी थी कि आपका भतीजा दुष्कर्म व हत्या के मामले में पकड़ा गया है, दो लाख दो तो छोड़ देंगे। पीड़ित ने जब अपने साले को फोन किया तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने केस दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है। बताते हैं कि पनकी रतनपुर निवासी दिनेश सिंह गुमटी बंबा रोड पर सब्जी की दुकान लगाते हैं। उन्होंने बताया कि 27 मार्च को व्हाट्सएप पर गुरुग्राम में रहने वाले उनके साले के बेटे मनोज की आवाज वाले व्यक्ति से साइबर ठगों ने बात कराई। बताया कि वह कानपुर आ रहा था, लेकिन रास्ते में पुलिस ने पकड़ लिया। भतीजे ने कहा- एक युवती की दुष्कर्म के बाद हत्या हुई है।

चूंकि आवाज भतीजे की आवाज से मिलती जुलती थी, इसलिए उन्हें यकीन हो गया। इस बीच दूसरे युवक ने फोन लेते हुए अपना परिचय दरोगा विजय के रूप में दिया। कहा कि सचेंडी इलाके में एक युवती की दुष्कर्म के बाद हत्या हुई है। चार लोग पकड़े गए हैं और आपके भतीजे का भी नाम है. बचने के लिए दो लाख रुपये दे दो। दिनेश ने हड़बड़ाहट में 60 हजार रुपये बताए गए बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद आसपास के दुकानदारों से उधार लेकर 40 हजार रुपये दूसरे बैंक खाते में ट्रांसफर किए। फिर एक वाइस नोट भेजकर साइबर ठगों ने एक लाख रुपये और मांगे गए, तो दिनेश ने आसपास के दुकानदारों को पूरी घटना बताई ।पुलिस ने आईटी एक्ट की धारा में केस दर्ज किया। दुकानदारों के कहने पर दिनेश ने गुरुग्राम में रहने वाले साले को फोन किया, तो साइबर ठगी का पता चला। इसके बाद उसने पुलिस से संपर्क किया।

# महंत श्री चेतन रामजी महाराज ने विदेशी धरती पर दिया योग और सनातन धर्म का संदेश





श्री भक्ति गोपाल गौशाला एवं श्री भक्ति धाम आश्रम के महंत श्री चेतन रामजी महाराज पिछले 10 दिन से विदेशी धरती सिंगापुर, मलेशिया, हांगकांग, फिलीपींस, मॉरीशस की धरती पर सनातन की अलख जगाते हुए योग साधना शिविर का आयोजन कर जन जागरूकता अभियान में लगे हुए हैं।

मॉरीशस में आयोजित एक कार्यक्रम में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए महंत श्री चेतन रामजी महाराज ने कहा सभी सनातनी भक्तों को अपने आने वाली पीढ़ी को अध्यात्म से और सनातन संस्कृति से अवगत कराते रहना चाहिए। आज के दौर में नई पीढ़ी के बीच सनातन धर्म से जुड़ी शिक्षा का प्रचार प्रसार अति आवश्यक है ।भारतीय संतों का सत्संग और सनातन धर्म ही आपको कर्मपथ पर विचलित नहीं होने देगा एवं आपको कुमार्ग से सन्मार्ग की ओर प्रेरित करेगा। विदित हो कि संत श्री चेतनराम जी महाराज ने बचपन से ही भक्ति और साधना का रुख अपना लिया था और 6 वर्ष उम्र से ही परम पिता परमेश्वर की भक्ति के प्रति समर्पित हो कर गो सेवा के प्रति अपना जीवन सर्वस्व अर्पण कर दिया और अब जगह जगह भारत के कई राज्यों के अलावा भारत के बाहर विदेशी धरती पर भी भक्ति, गोसेवा, योग और सनातन धर्म का बिगुल बजा रहे हैं। रात दिन जागकर गांव ङ्क गांव शहर -शहर जाकर जनमानस के कल्याण के लिए वो तत्पर रहते हैं। महंत श्री चेतन रामजी महाराज ने कहा कि भगवान हमें संत जीवन देता है तो उसके साथ जिम्मेदारी भी देता है जो जन कल्याण के लिए होती हैं और इस धरती पर जन्म लेने वाले सभी जीव परमात्मा का ही अंश हैं। प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में कर्म करते हुए परमात्मा की भक्ति करना चाहिए।

**प्रस्तुति : काली दास पाण्डेय**

# ट्रैक साइकिलिंग

ट्रैक साइकिलिंग में साइकिल पर रेस की जाती है, जो अक्सर लकड़ी से बने अंडाकार ट्रैक पर होती है। ये आमतौर पर इनडोर में होती है लेकिन इसे हमेशा वेलोड्रोम पर नहीं किया जाता है।




## ट्रैक साइकिलिंग के नियम

ट्रैक साइकिलिंग के हर इवेंट के अलग-अलग नियम होते हैं। लेकिन आमतौर पर खेल में पहले फिनिशिंग लाइन को पार करना या सबसे ज्यादा अंक या मैदान में सबसे ज्यादा लैप करने वाला प्रतियोगिता को जीतता है।

इवेंट: पुरुष और महिला दोनों पाँच इवेंट में पूरा करते हैं

## ओलंपिक में ट्रैक साइकिलिंग

1896 में ट्रैक साइकिलिंग को हर ओलंपिक गेम्स के सीजन में शामिल किया गया।

महिलाओं ने 1988 में सियोल गेम्स के बाद से ट्रैक इवेंट में हिस्सा लेना शुरू किया।

## साइकिलिंग का ट्रैक



# सपा वरिष्ठ नेता इमरान सिद्दीकी ने सपा का दामन छोड़कर जयंत चौधरी का लिया साथ

## अखिलेश यादव का छोड़ा साथ जयंत चौधरी का पकड़ा हाथ



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर, लोकसभा चुनाव के आते ही एक-एक करके समाजवादी पार्टी का दामन छोड़ने को लेकर चर्चा बनी हुई है समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों से उनके ही नजदीकी लोग नाराज होते दिख रहे हैं राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में आज प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय के सम्मुख समाजवादी पार्टी छात्र सभा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद इमरान सिद्दीकी ने अपने दर्जनों साथियों के साथ राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह की नीतियों में आस्था व्यक्त करते हुये राष्ट्रीय लोकदल में शामिल होने की घोषणा की। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जॉइनिंग कमेटी के सदस्य वसीम हैदर, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश गुप्ता, प्रदेश महासचिव एवं जॉइनिंग कमेटी के सदस्य रजनीकांत मिश्रा, कानपुर महानगर अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान तथा लखनऊ महानगर अध्यक्ष चंद्रकांत अवस्थी ने उनको पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया।

शामिल होने वालों में खालिद खॉन, नबी खान, हामिद राशिद, फेजन मलिक, सलमान शाह, जैकुल शाह, नौशाद, अनस राशिद रिजवान, चांद आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर पार्टी की प्रदेश महासचिव रमावती तिवारी एवं प्रीति श्रीवास्तव, प्रदेश कोषाध्यक्ष बी0एल0 प्रेमी, श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव महेश पाल धनगर ने शामिल होने वालों को बधाई दी।

## कांग्रेस छोड़ बीजेपी पार्टी में गए गोविंद नगर पूर्व विधायक अजय कपूर का शपथ ग्रहण समारोह

**आलोक ठाकुर**



कानपुर। 3000 कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को बीजेपी की दिलाएंगे सदस्यता। शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना। सैकड़ो की संख्या में बीजेपी और कांग्रेसी कार्यकर्ता पहुंचे शपथ कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष राजेश पाल, जिला अध्यक्ष दीपू पांडे लोकसभा प्रत्याशी रमेश अवस्थी अजय कपूर विजय कपूर सचिन त्रिपाठी के नेतृत्व में भाजपा ज्वाइन की मुजीब बेग, संजय कुशवाहा शाहरुख खान ने सदस्यता ली और विजयनगर स्थित एक्सेल पैलेस शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे।

# कच्ची अवैध शराब के मामले में आरोपी गया जेल

## लोकसभा चुनाव को लेकर अलर्ट मोड पर पुलिस



कानपुर। पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में लोकसभा चुनाव को लेकर अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु थाना गजनेर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए शुक्रवार रात्रि मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी को 20 लीटर कच्ची देशी अवैध शराब समेत गिरफ्तार किया गया था। थाना गजनेर पुलिस ने शुक्रवार रात्रि मुखबिर की सूचना पर छापामारी कर थाना क्षेत्र के स्योंदा निवासी छोटे को 20 लीटर कच्ची अवैध शराब समेत खंडहर धर्मशाला के पास घाटमपुर रोड पर दबोच लिया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। थाना प्रभारी दिलीप कुमार बिंद ने बताया कि आरोपी को न्यायालय भेजा गया है।

# केंद्रीय संगठन मंत्री निर्वाचित होने पर स्वागत समारोह का किया गया आयोजन

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। हिन्द मजदूर सभा, कानपुर मंडल एवं अन्य श्रमिक संघो द्वारा सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन के ईंजीनियरिंग शाखा कार्यालय पुरानी रेलवे स्टेशन, रेलवे ग्राउंड के पीछे, जी0 टी0 रोड, कानपुर में श्री तारणी कुमार पासवान को नागपुर में हुये हिन्द मजदूर सभा के राष्ट्रीय अधिवेशन में केंद्रीय संगठन मंत्री निर्वाचित होने पर आज भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम महामंत्री योगेश ठाकुर ने मुख्य अथिति उपआयकर आयुक्त राघवेंद्र सिंह, विशिष्ट अथिति वरिष्ठ बैंक नेता रजनीश गुप्ता के साथ अध्यक्षता कर रहे मंडल संरक्षक शरद प्रकाश अग्रवाल सहित सभी का स्वागत करते हुये कहा कि तारणी कुमार पासवान के नेतृत्व में हिन्द मजदूर सभा, कानपुर मंडल का पुनर्गठन लगभग गत तीन वर्ष पूर्व किया गया था। उसके बाद उत्तर प्रदेश के सफल अधिवेशन में का0 पासवान ने महत्वपूर्व भूमिका निभायी। इस वर्ष प्रांतीय उपाध्यक्ष के रूप में नागपुर में हुये केंद्रीय अधिवेशन में भाग लिया। जहां राष्ट्रीय संगठन सचिव जैसे महत्वपूर्ण पद पर निर्वाचित होने से कानपुर के श्रमिक को गौरव दिलाया है।



राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष कमल अग्रवाल, एल0आई0सी0 ऑफिसर्स के अध्यक्ष अनिल बाजपेयी एवं महासचिव प्रदीप भाटिया ने भी का0 पासवान को माल्यापर्ण कर अपने संघ का सहयोग देने का आश्वासन दिया। का0 तारणी पासवान ने अपने संबोधन में इस स्वागत समारोह में काफी संख्या में पधारे अधिकारी संघो एवं कर्मचारी संघो के साथ श्रमिक संघो के प्रतिनिधियों की आशाओं के अनुरूप सहयोग लेने तथा देने का आश्वासन देते हुये उनका आभार भी व्यक्त किया। भारतीय खाद्य निगम श्रमिक संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में वर्ष 1996 से लगातार सेवा कार्य कर रहा हूँ, समान कार्य समान वेतन के साथ 89 डिपो में मजदूरों को परमानेंट हेतु नोटिफिकेशन जारी कराने जैसे अनेक सुधारों हेतु लगातार संघर्षरत हूँ। इस समारोह की अध्यक्षता मंडल संरक्षक एवं आयकर अधिकारी शरद प्रकाश अग्रवाल ने की तथा सफल संचालन महामंत्री योगेश ठाकुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपरोक्त गणमान्य लोगों के अलावा उपाध्यक्ष एवं एल0आई0सी0 के वरिष्ठ नेता रघुवीर सिंह, रेलवे यूनियन के मंडल अध्यक्ष मनोज त्रिपाठी, केस्को से राम शंकर मिश्रा, कोषाध्यक्ष राज कुमार, उपाध्यक्ष प्रदीप खत्री, मंत्री रमा शंकर, आडीटर वी0के0 यादव, महेंद्र सिंह यादव, नरेश यादव, सत्य नारायण, कैलाश पासवान, संजय बलानी, विनोद उर्फ पप्पू, सुदेश कुमार, बजरंग बहादुर, एन0के0 वर्मा, राकेश, राजेश यादव, अनिल वर्मा, जितेश जगन्नाथ साहू, राजकुमार गुप्ता, शिव कुमार, सिकंदर, वीरेन्द्र यादव, अनिल वर्मा, एन0 के0 मौर्य, रफीक सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## रोडवेज कर्मचारी सयुंक्त परिषद माती डिपो की कार्यकारिणी गठित

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर देहात। रोडवेज कर्मचारी सयुंक्त परिषद माती डिपो कीकार्यकारिणी का चुनाव आम सहमति अरविन्द कुरील क्षेत्रीय अध्यक्ष, सुरेन्द्र सिह सेंगर क्षेत्रीय मंत्री, अखिलेश मिश्र मण्डल मंत्री की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें अनिल यादव शाखा अध्यक्ष एवं अक्षय गौड शाखा मंत्री सहित 17 सदस्यी कार्यकारिणी का गठन आम सहमति से सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर अशोक गुप्ता पूर्व प्रदेश उपमहामंत्री उ0प्र0 उपस्थित होकर गठित कार्यकारिणयों को अपना अर्शीवाद एवं शुभकामनायें देते हुये कर्मचारी हितों के प्रति सदैव संघर्षशील एवं समर्पित होकर कार्य करके अपने अनुभव साझा किये। इस अवसर पर राजेश पाल, ए0के0सिंह मो0 शाकिर, आर0के0 गुप्ता0 (पू0स0क्षे0प्र0) ओम सिंह गौतम, आदि तमाम गणमान्य कर्मचारी उपस्थित रहे।










# गंगा में प्रदूषण फैलाने वाली टेनरी सील

कानपुर। गंगा में प्रदूषण फैलाने वाली टेनरी को जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बंद करा दिया है। एसडीएम सदर प्रखर कुमार सिंह के नेतृत्व कार्रवाई की गई। जांच में अवैध तरीके से संचालन व प्रदूषित जल गंगा में प्रवाहित करने की बात की पुष्टि होने पर यह निर्णय लिया गया। एसडीएम सदर के नेतृत्व में टीम जाजमऊ के गज्जूपुरवा स्थित अल्तमस ट्रेडर्स पहुंची। एसडीएम ने बताया कि 24 जनवरी को माघ मेला के समय औचक निरीक्षण के दौरान टेनरी का गलत तरीके से संचालन पाया गया था, उसी समय बिजली काटी गई थी। पता चला था कि यह टेनरी जाजमऊ क्षेत्र की चिह्नित 400 इकाइयों में से नहीं हैं। इसे अवैध तरीके से चलाया जा रहा है। टेनरी में नीले काम के लिए ड्रम, पैडल की स्थापन का अपत्ति प्रमाण पत्र भी नहीं लिया गया था। इससे जल प्रदूषण के नियमों का उल्लंघन पाया गया। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी की ओर से बंदी का आदेश जारी करने की संस्तुति की गई थी। उसी आधार पर पहले नोटिस जारी किया गया था।







बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक
मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।